* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 मार्च, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 153

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

मानहानि केस में राहुल गांधी को दो साल की सजा, सूरत कोर्ट से जमानत भी मिली





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,300 रु./10 ग्राम
चांदी 72,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



# राजधानी रांची को संवारने की योजनाओं पर पहली बार हो रहा काम

## ▪ इन योजनाओं को जमीन पर उतार कर हेमंत सोरेन ने खींची लंबी लकीर
## ▪ योजनाएं तो कई बार बनीं, पर पहली बार जमीन पर दिख रहा है काम
## ▪ पांच ओवरब्रिज बन जाने से जाम मुक्त हो जायेगी राजधानी रांची
## ▪ तपोवन मंदिर के सौंदर्यीकरण से रांची में होगा एक और पर्यटन स्थल

**झारखंड की राजधानी रांची की लगभग बदशक्ल हो चुकी सूरत को संवारने का काम इन दिनों जोर-शोर से चल रहा है। कभी हिल स्टेशन के रूप में प्रसिद्ध रांची की सूरत झारखंड बनने के बाद से बेहिसाब बढ़ती आबादी, उसके कारण बेतरतीब निर्माण, अनियोजित विकास और वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण पूरी तरह खराब हो चुकी है। लेकिन 22 साल में पहली बार रांची की शक्ल-सूरत को संवारने और इसे नयी पहचान देने का गंभीर प्रयास हेमंत सोरेन सरकार ने शुरू किया है। झारखंड में पिछले 22 साल में योजनाएं तो कई बार बनायी गयीं, लेकिन उन योजनाओं को कभी लागू नहीं किया गया। यहां बात केवल घपलों-घोटालों, नियोजन-स्थानीयता नीति से लेकर 1932 के खतियान को लेकर बातें होती थीं। ऐसा नहीं है कि अब इन मुद्दों पर बात नहीं होगी। ये बातें होती रहेंगी, लेकिन अब पहली बार ऐसा लग रहा है कि सरकार इस समस्या के समाधान के लिए गंभीर हुई है और तमाम अवरोधों-विरोधों के बावजूद रांची शहर की सूरत बदलने का काम जमीन पर दिखने लगा है। इससे पहले जब कभी रातू रोड एलीवेटेड रोड, रातू रोड-हरमू ओवरब्रिज या कांटाटोली ओवरब्रिज की बात होती थी, लोग विरोध में खड़े हो जाते थे, शोर मचाने लगते थे, वोट बैंक का रोना रोने लगते थे। इन विरोधों के कारण इन परियोजनाओं पर काम शुरू ही नहीं हो पाता था। तपोवन मंदिर के सौंदर्यीकरण की बातें तो बहुत होती थीं, लेकिन यह योजना भी जमीन पर नहीं उतरी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहली बार मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए न केवल ओवरब्रिज का निर्माण शुरू कराया है, बल्कि तपोवन मंदिर के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास कर साबित कर दिया है कि उनकी सरकार वाकई काम करने में विश्वास करती है। हेमंत सोरेन द्वारा शुरू किये गये इन कार्यों के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड की राजधानी रांची, जिसका नाम सुनते ही जो पहली धारणा बनती थी, वह थी एक अनियोजित शहर की, जहां ट्रैफिक जाम आम है और जो शहर अपने प्राकृतिक सौंदर्य को त्याग कर प्रदूषण, गंदगी और बदहाल नागरिक सुविधाओं के साथ दिन बिताने के लिए अभिशप्त है। झारखंड की राजधानी बनने के 22 साल बाद तक यहां न सड़कों का विकास हुआ और न बेहिसाब बढ़ गये ट्रैफिक के बोझ को संभालने के लिए कोई कारगर कदम उठाया गया। रांची शहर में अवस्थित धार्मिक-सांस्कृतिक आस्था के केंद्रों की उपेक्षा भी खूब हुई। ऐसा नहीं है कि योजनाएं नहीं बनीं। योजनाएं तो खूब बनीं, लेकिन सभा कक्षों, सेमिनारों और कार्यशालाओं के बाद डीपीआर और सरकारी फाइलों से निकल कर ये योजनाएं धरातल पर कभी नहीं उतरीं। जब कभी इसकी कोशिश हुई, स्थानीय लोग और राजनीतिक दल विरोध में सामने आ गये, इस दलील के साथ ही यदि ओवरब्रिज बना, तो उनका वोट बैंक नाराज हो जायेगा या फिर इलाके की व्यापारिक गतिविधि चौपट हो जायेगी। इसलिए अब तक कोई भी सरकार या नेता मधुमक्खी के इस छत्ते में हाथ नहीं डालना चाहता था।

लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची शहर की सूरत सुधारने के लिए जिस मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, उसकी तारीफ तो करनी ही होगी। राजनीतिक रूप से भले ही हेमंत सोरेन को जिस भी कसौटी पर कसा जाये, राजधानी रांची में तेजी से बन रहे पांच ओवरब्रिज और लाखों लोगों की आस्था के केंद्र तपोवन मंदिर के सौंदर्यीकरण की योजना का एक दिन पहले शिलान्यास से उन्होंने अपने तमाम पूर्ववर्तियों के साथ अपने राजनीतिक विरोधियों की जुबान पर भी ताला लगा दिया है।

स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि यदि किसी समस्या का समाधान करने के लिए 60 मिनट का समय दिया जाये, तो 55 मिनट तक समस्या का अध्ययन करो, समाधान बाकी पांच मिनट में निकल जायेगा। लेकिन झारखंड में इसका ठीक उल्टा होता रहा है। यहां किसी समस्या के बारे में महज पांच मिनट सोचा जाता है और बाकी 55 मिनट उसके समाधान पर खर्च कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां की कोई भी समस्या आज तक पूरी तरह हल नहीं हो सकी है, लेकिन सरकार के खजाने से करोड़ों-अरबों का खर्च हो गया।



बात शुरू करते हैं रांची में जाम की समस्या से। इस समस्या से निजात पाने के लिए पिछले 22 वर्ष में कई योजनाएं बनीं, परामर्शी कंपनियां नियुक्त की गयीं, उन्हें करोड़ों की फीस दी गयी, उन कंपनियों ने रिपोर्ट भी बनायी, लेकिन रांची शहर की यह समस्या आज भी विकराल रूप में सामने है। हाल ही में एक ग्लोबल संस्था 'बेटर लीविंग' ने रांची के शहरी जीवन स्तर को केवल ट्रैफिक जाम के कारण राज्यों की राजधानियों में सबसे निचले पायदान पर रखा था। संस्था ने कहा था कि रांची में ट्रैफिक जाम के कारण जहां प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, वहीं ईंधन की खपत और दूसरे आर्थिक नुकसान की वजह से लोग चिड़चिड़े होने लगे हैं। संस्था का यह निष्कर्ष बहुत हद तक सही भी लगता है। यहां पिछले 22 वर्षों में कागज पर 10 से अधिक सड़क और फ्लाइओवर बन गये, लेकिन धरातल पर एक सड़क तक चौड़ी नहीं हुई, क्योंकि सरकार बदलने के साथ अफसर बदलते रहे और उनकी प्राथमिकताएं भी। हर सरकार ने पिछली सरकार में बनी योजनाओं को डंप करके नयी योजनाओं पर काम शुरू कराया। इसका नतीजा यह हुआ कि न कोई योजना शुरू हुई और न कोई लाभ हुआ। शहर में वाहनों की संख्या बेहिसाब बढ़ गयी, लेकिन सड़कें वैसी की वैसी ही रहीं। इसी तरह तपोवन मंदिर की हालत की बात करें, तो लाखों लोगों की आस्था के इस केंद्र की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। इसके चारों तरफ अतिक्रमण और अनियोजित निर्माण ने इस पवित्र स्थान को आम लोगों की पहुंच से दूर कर दिया था।

### अब जमीन पर दिख रही है कोशिश

लेकिन 22 वर्षों में पहली बार रांची शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए सरकार और प्रशासन गंभीरता से प्रयास कर रहा है। खास बात यह है कि यह कोशिश जमीन पर दिखने लगी है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि अब अधिकारियों ने समस्या का मूल कारण समझ लिया है। उन्हें पता चल गया है कि योजनाएं बनाने से काम नहीं चल सकता, उन्हें लागू करने का भी ब्लूप्रिंट तैयार होना चाहिए। इसलिए अब रांची शहर में पांच नये ओवरब्रिज के निर्माण का काम जोर-शोर से जारी है। इनमें कांटाटोली ओवरब्रिज, सिरमटोली-मेकन चौक केबल स्टे ब्रिज, रातू रोड-सहजानंद चौक ओवरब्रिज और पिस्का मोड़-राजभवन एलीवेटेड रोड और चुटिया का रेलवे ओवरब्रिज शामिल हैं। कांटाटोली चौक पर बननेवाले ओवरब्रिज पर 224 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस ओवरब्रिज के लिए कुल 42 पिलर बनाये जाने हैं, जिनमें से 12 बन कर तैयार हैं। 2024 में इसके चालू हो जाने की संभावना है। रांची शहर के लिए सबसे उपयोगी साबित होनेवाला है सिरमटोली-मेकॉन चौक के बीच बन रहा केबल स्टे ब्रिज, जो मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी-लिंक की तर्ज पर बन रहा है। कुल 2.34 किलोमीटर लंबा यह स्टे ब्रिज रांची में अभी सबसे पुराने ओवरब्रिज को राहत देगा। इस पर 337 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे और इसके 2024 में पूरा होने की उम्मीद है। रातू रोड से हरमू के सहजानंद चौक तक बनने वाला ओवरब्रिज रांची का एक माइलस्टोन होगा। करीब तीन किलोमीटर लंबा यह ओवरब्रिज डबल डेकर होगा और बिरसा मुंडा राजपथ पर ट्रैफिक के लोड को कम करेगा।

खास बात यह है कि इस परियोजना के लिए कोई जमीन अधिग्रहण नहीं होगा। इस पूरी परियोजना पर करीब पांच सौ करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इस परियोजना का डीपीआर अभी तैयार किया जा रहा है। इसी तरह चुटिया पावर हाउस के पास करीब 64 करोड़ रुपये की लागत से बननेवाले रेलवे ओवरब्रिज का आधा खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है। यह ओवरब्रिज एक किलोमीटर लंबा होगा और करीब दो लाख लोग इससे लाभान्वित होंगे। इन चार परियोजनाओं के अलावा रातू रोड एलीवेटेड रोड परियोजना रांची शहर के लिए वरदान साबित होनेवाली है। करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबी यह सड़क पिस्का मोड़ से शुरू होकर राजभवन तक जायेगी। इस परियोजना पर नौ सौ करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यह परियोजना पुरानी है, लेकिन विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों के विरोध के कारण इस पर काम शुरू नहीं हुआ था। वर्तमान सरकार ने इस परियोजना पर काम शुरू कर साबित कर दिया है कि वह रांची शहर की इस प्रमुख परियोजना को पूरा करने की दिशा में गंभीर है।

एक दिन पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची शहर के बीचो-बीच अवस्थित तपोवन मंदिर के सौंदर्यीकरण की योजना का शिलान्यास किया है। यह मंदिर रांची ही नहीं, पूरे झारखंड के लोगों की आस्था का केंद्र है। पहले भी इसके सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की गयी थी, लेकिन इसका शिलान्यास कर हेमंत सोरेन ने लंबी लकीर खींच दी है।

जानकारों का कहना है कि इन सभी परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर रांची में जाम की समस्या पूरी तरह खत्म हो जायेगी, जिस तरह बिहार की राजधानी पटना में हुई। रांची शहर की इस समस्या को खत्म करने की दिशा में पहली बार कोई सरकार गंभीरता से काम कर रही है, तो इसकी तारीफ तो होनी ही चाहिए।

---

## नियोजन नीति पर छात्रों का फूटा गुस्सा, विधानसभा को घेरा, हुई भिड़ंत

# पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज किया, दागे आंसू गैस के गोले

- छात्रों पर पथराव करने का आरोप, छात्र नेता जयराम महतो गिरफ्तार
- पुलिसकर्मी और छात्र घायल इलाके में धारा 144 लागू

### जयराम महतो ने कहा : पुलिस ने बर्बरता की है, यह आंदोलन नहीं रुकेगा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा सत्र के आखिरी दिन छात्रों का गुस्सा आखिरकार फूट ही गया। राज्यभर के युवा 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियोजन नीति को लेकर सड़क पर उतरे। विधानसभा घेराव करने जा रहे छात्र और पुलिसकर्मी आपस में भिड़ गये। छात्रों पर बैरिकेडिंग तोड़ने और पत्थर बरसाने का आरोप लगा। पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए लाठीचार्ज का प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले दागे। इस घटना में कई छात्रों और पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है। पुलिस ने छात्र नेता जयराम महतो समेत कुछ छात्रों को हिरासत में भी लिया है।

**छात्रों का संयम दे गया जवाब :** गौरतलब है कि हाल में ही झारखंड सरकार ने 60:40 कीनियोजन नीति लेकर आयी है। इसके बाद रोस्टर में कई जिलों से ओबीसी आरक्षण को हटा दिया गया है। इस बात को लेकर विभिन्न जिलों में छात्र विरोध कर रहे हैं। छात्र संगठनों ने 20 मार्च को भी विधानसभा घेरने का कार्यक्रम बनाया था। इस बीच ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से वार्ता होने के बाद छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने इसको स्थगित कर दिया था। विधानसभा बजट सत्र का समापन होते-होते छात्रों का संयम जवाब दे गया। छात्रों ने 23 मार्च को विधानसभा घेराव का निर्णय लिया।

**विधानसभा घेरने से पहले शहीद मैदान में जुटे छात्र :** झारखंड यूथ एसोसिएशन और झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले प्रदेश भर से युवा गुरुवार को विधानसभा का घेराव करने पहुंचे थे। विधानसभा का घेराव करने से पहले काफी संख्या में छात्रों का जमावड़ा शहीद मैदान में लगा था। इसके बाद सभी छात्र विधानसभा घेराव करने पहुंचे। युवा नियोजन नीति में कमियां और आरक्षण रोस्टर में गड़बड़ी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ने लगे। पुलिस ने जगन्नाथ मंदिर के पास बैरिकेडिंग करके उन्हें रोकने की कोशिश की। उन्हें पीटने लगी।

**लाठी चार्ज और आंसू गैस के गोले दागे :** पुलिस का कहना है कि छात्रों ने जबरन बैरिकेडिंग तोड़ी और आगे बढ़ने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि छात्रों की तरफ से पत्थरबाजी भी हुई। हालांकि छात्रों से इससे इनकार किया है। पुलिस ने उग्र छात्रों को रोकने के लिए लाठी चार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। वहीं, छात्रों का आरोप है आंदोलन शांतिपूर्ण चल रहा था। जगरनाथपुर मंदिर के पास लगे बैरिकेडिंग पर छात्र सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। वे छात्र नेता जयराम को छोड़ने की मांग कर रहे थे।

### निषेधाज्ञा लागू

पुलिस ने अचानक लाठी चार्ज कर दिया। इस पुलिस-छात्र संघर्ष में कई छात्र और पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इस तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने इलाके में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इधर हिरासत में लिये गये छात्र नेता जयराम महतो ने कहा है कि आज भगत सिंह के शहादत दिवस पर पुलिस ने छात्रों के साथ बर्बरता की है, लेकिन अब आंदोलन रुकनेवाला नहीं है। हम आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

---

## सीएम से मिले एमएमके हाइस्कूल के बच्चे



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में विधानसभा भ्रमण एवं विधानसभा की कार्यवाही देखने पहुंचे एमएमके हाइस्कूल बरियातू के छात्र-छात्राओं ने मुलाकात की। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ तनवीर अहमद एवं स्कूल के सचिव मुमताज अहमद खां उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को किया नमन

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी अमर वीर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश आपके सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखेगा।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 मार्च को

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 मार्च 2023 को अपराह्न 5:00 बजे से झारखंड मंत्रालय में होगी। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचना जारी की गयी है। यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में दिन के 3.30 बजे से होगी।

www.epaper.azadsipahi.in

24 मार्च, 2023
चैत्र, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 153

वाराणसी में देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे, पीएम मोदी आज करेंगे शिलान्यास



## विस में सीएम ने पूछा, भाजपा बताये, वह 1032 की समर्थक है या नहीं

# 1932 हमारा था, हमारा है और हमारा रहेगा : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा का बजट सत्र गुरुवार को समाप्त हो गया। सत्र के आखिरी दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में स्थानीय और नियोजन नीति समेत तमाम मुद्दों पर खुल कर अपनी बात रखी। विपक्ष पर निशाना साधा। अपनी सरकार के कामकाज पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने संबोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि विपक्ष ने कई सवाल किये हैं। मैंने भी कहा था कि इसका जवाब दूंगा। हेमंत सोरेन ने स्थनीय नीति पर कहा कि भाजपा पहले यह बताये कि वह 1932 की समर्थक है या नहीं? 1932 हमारा था। हमारा है और हमारा रहेगा। यह हमारे पूर्वजों का संकल्प रहा है, इसलिए उससे पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने नियोजन नीति को लेकर भी भाजपा को कठघरे में खड़ा किया।



**भाजपा बताये, नौकरी किसे देनी है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा 1932 की राजनीति कर रही है, ताकि झारखंड के लोगों को नौकरी नहीं मिले। उन्होंने पूछाः भाजपा यह बताये कि वह नौकरी किसे देना चाहती है? उन्हें, जो झारखंड के मूलनिवासी आदिवासी हैं या फिर उन्हें, जो बाहरी हैं? भाजपा को इस मामले पर अपना स्टैंड साफ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति को लेकर हमने जो नियम बनाया था, उस नियम में नीचे की नौकरियों में सिर्फ झारखंड के लोगों को देने का प्रावधान था। भाजपा के लोगों ने उसका क्या हश्र कर दिया, वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। भाजपा के लोग यह चाहते ही नहीं हैं कि झारखंड के लोगों को नौकरी मिले। हेमंत सोरेन ने कहा कि ये कट्टर विचारधारा के लोग हैं। मुझे पता था कि 1932 और नियोजन नीति को लेकर भाजपा परेशानी खड़ा करेगी। विचित्र बात है कि झारखंड के मूलवासी और आदिवासी लोगों की मदद कैसे हो, इसे भाजपा के लोग समझते ही नहीं हैं। झारखंड भाजपा के लोग रोबोट पर चलते हैं, जो ऊपर से आदेश आता है, वही करते हैं।

**नियोजन नीति से दिक्कत, न लाओ तो विरोध :** हेमंत सोरेन ने कहा कि यह बड़ी अजीब स्थिति है कि नियोजन नीति लाओ, तो उधर विरोध में जाकर खड़े हो जायेंगे, नियोजन नीति ना लाओ, तो सवाल खड़ा करेंगे। यह उनकी आदत बन गयी है। हेमंत सोरेन ने कहा कि सहूलियत की राजनीति नहीं होनी चाहिए। जरूरत की राजनीति से राज्य का भला नहीं होगा। **(शेष पेज 6 पर)**

## केंद्रीय मंत्री ने दी झारखंड को 9400 करोड़ रुपये की सौगात

# रांची से वाराणसी की यात्रा पांच घंटे में होगी पूरी: गडकरी

**केंद्रीय मंत्री ने कहा, रोपवे और विकसित ट्रासपोर्ट के लिए प्रस्ताव भेजे सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि रांची से वाराणसी तक 7000 करोड़ की लागत से 260 किमी 4-लेन इंटर कॉरिडोर के बनने से रांची से वाराणसी पांच घंटे में पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि 635 किलोमीटर का 4 लेन वाला रायपुर-धनबाद आर्थिक कॉरिडोर कोयला, स्टील, सीमेंट और अन्य खनिजों के परिवहन की सुविधा प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री गुरुवार को जमशेदपुर के बाद राजधानी रांची पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। गडकरी ने झारखंड को 9,400 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी है। इसमें सड़क, एलिवेटेड रोड और आरओबी जैसी योजनाएं शामिल हैं।




**रांची-जमशेदपुर सड़क का काम आखिर पूरा हुआ :** गडकरी ने कहा कि इस देश के विकास के लिए हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो, इसका संकल्प हमने किया था। बहुत बार रांची आने का मौका मिला। मुझसे हर बार पूछा जाता था कि रांची से जमशेदपुर वाली रोड का क्या हुआ। इस बार किसी ने नहीं पूछा। इस बार काम पूरा हो गया। बहुत अड़चन आयी, समस्या आयी, लेकिन काम पूरा हो गया।

**शिलान्यास ट्रेलर हैं, पिक्चर अब शुरू होगी :** गडकरी ने कहा कि इस बार जो भूमि पूजन, शिलान्यास हुआ है, वो सिर्फ ट्रेलर है। जो सही फिल्म है, वो अभी शुरू होनी बाकी है। मैं आपको वचन देता हूं कि 2024 समाप्त होने से पहले 2 लाख करोड़ का इंफ्रास्ट्रक्चर बना कर तैयार करेंगे। हम झारखंड की तस्वीर बदल देंगे। 21 परियोजनाएं हैं, जिनकी कीमत 9 हजार 5 सौ करोड़ है। मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं बोलूंगा। कम समय में क्या बताऊं, क्या नहीं यह असमंजस में हूं। जिस प्रकार से रोड बनी है। दिल्ली से देहरादून दो घंटे, दिल्ली से हरिद्वार दो घंटे में, दिल्ली से श्रीनगर आठ घंटे में। नागपुर से मुंबई पहले 24 घंटे लगते थे, अब पांच घंटे। रांची से वाराणसी आने-जाने में समय घटे, यह कोशिश है।

**झारखंड की सरकार भी भेजे प्रस्ताव :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने तय किया है कि लॉजिस्टिक कॉस्टसिंगल डिजिट में आयेगी। इससे रोजगार बढ़ेगा, निर्यात बढ़ेगा। झारखंड में जल मार्ग चालू हो, यह भी कोशिश की है, अब चालू होगी। मैं अभी ट्रांसपोर्ट का मंत्री हूं, बेंगलोर में हवा में उड़नेवाला डबल डेकर बस बना रहा हूं। झारखंड की सरकार से विनती है कि आपने रोपवे, केबल कार जैसी योजना का एक भी प्रपोजल नहीं भेजा है, जल्दी भेजिए, बाकी के राज्यों के 207 प्रपोजल आ गये हैं।

**किसान सिर्फ अन्नदाता नहीं, ऊर्जादाता भी :** गडकरी ने कहा कि मुझे स्वीकार करने में यह दुख होता है कि देश में 40 प्रतिशत वायु प्रदूषण रोड के कारण है, पेट्रोल-डीजल के कारण है। मैं 2004 से कह रहा हूं कि इस देश का किसान अन्नदाता हैं, लेकिन उन्हें ऊर्जादाता बनना चाहिए। मैं किसानों के लिए स्कीम ला रहा हूं। 70 प्रतिशत बायो बिटूमीन तैयार होगा। गांव-गांव में जहां भी बिटूमीन तैयार होगा, वह सरकार खरीद लेगी, यह वचन देता हूं। एक दिन आयेगा, जब किसान अपनी फसल के साथ-साथ बिटूमीन का भी जिक्र करेगा।

**जो मैं कहता हूं, डंके की चोट पर कहता हूं :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ लोगों को नयी-नयी बात लगेगी, लगेगा, मुंगेरी लाल के हसीन सपने। मैं जो बात कहता हूं, डंके की चोट पर कहता हूं। मैं झारखंड के किसानों का आह्वान करता हूं कि आप बॉयो बिटूमीन का कारखाना तैयार करो। कई गाड़ियां आ गयी हैं। पूरी तरह बॉयो पर चलती हैं। मैं बोलता था कि इस देश में इलेक्ट्रिक कार आयेगी, बाइक आयेगी। पत्रकार पूछते थे रास्ते में बैट्री खत्म हुई तो क्या करेंगे। आज गाड़ियां आ रही हैं। टाटा की इलेक्ट्रिक कार आयी, कुछ दिन पहले कंपनी वाले मुझसे मिलने आये। बता रहे थे कि तीन गुणा क्षमता बढ़ा रहे हैं, डिमांड बढ़ गयी है। आज देश में इलेक्ट्रिक बस है, इससे टिकट की कीमत कम हो गयी। देश बदल रहा है। प्रधानमंत्री जी ने कहा, आत्मनिर्भर बनना है तो तकनीक बढ़ानी होगी।



## ऑटो के पलटने से युवक की मौत, दो घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को दिन के लगभग 2 बजे जिले के जयनगर थाना अंतर्गत गरचांच पेट्रोल पंप के समीप टेम्पो पलटने से एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो युवक घायल हो गये। मृतक युवक की पहचान शमशेर आलम (उम्र 26 वर्ष, पिता मोहम्मद सलीम) जबकि घायल की पहचान जब्बार (उम्र 25 वर्ष पिता अबदुल), शकील अंसारी (उम्र 24 पिता होली मियां) सभी नौवाडीह लखीबागी, कोडरमा के रूप में हुयी है। जानकारी के अनुसार ऑटो में पुट्टी लोड करके पिपचो पहुंचाने गए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान गरचांच पेट्रोल पंप के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसपर सवार तीन युवक घायल हो गए। इन्हें ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। युवक शमशेर आलम की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी, जबकि दो युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। सूचना पाकर कोडरमा पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## उच्च विद्यालय में हैंड आर्ट प्रतियोगिता



**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाघमारा में सीबीएसई पाठ्यक्रम से संचालित आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय में हैंड आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने जानकारी दिया कि विद्यालय में हैंड आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कलाकृतियों को बनाया एवं अपनी प्रतिभा का लोहा मनाया। विद्यार्थियों ने मॉडल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, अच्छे आर्किटेक्ट का परिचय देते हुए विद्यालय के भवन को फोम से हूबहू बनाने का काम किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि जिले में कई तरह के आर्ट के कंपटीशन परीक्षाओं में विद्यालय के विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किये हैं। मौके पर विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, वरीय शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव, श्याम सुंदर यादव, विनोद यादव, महेश्वर पांडेय, प्रभु यादव, बहादुर यादव, पिंटू कुमार पांडेय, सिकंदर यादव, महेश यादव, विनोद शर्मा, कालेश्वर राणा, सुजीत राज, संजय यादव, रंजीत सिंह, वीना कुमारी, अनु कुमारी, कपिल देव गुप्ता, विक्रम गुप्ता सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शहादत दिवस: कांको पंचायत भवन में विचार गोष्ठी




**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला इकाई कोडरमा के तत्वधान में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव का शहादत दिवस चंदवारा प्रखंड के काको पंचायत भवन मे मनाया गया। वहां आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने की। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं जिप सदस्य चंदवारा महादेव राम ने कहा कि आज देश का संविधान व लोकतंत्र खतरे में है। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि भगत सिंह के विचारों पर सभी नौजवानों के बीच ले जाने की आवश्यकता है ताकि भगत सिंह के सपनों का भारत बनाया जा सके। अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन ने कहा कि देश के नौजवानों को भटकाया जा रहा है उनके मन में गुलामी का जहर भरा जा रहा है। एटक नेत्री सोनिया देवी ने कहा कि देश की गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई तथा बेकारी से मुक्ति के लिए संघर्ष तेज करने की आवश्यकता है जो संघर्ष भगत सिंह ने किया था। पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि आधी अधूरी आजादी को संपूर्ण आजादी में तब्दील करने की आवश्यकता है। गोष्ठी को पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश्वर सिंह, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, सच्चिदानंद पांडे, रामेश्वर यादव, युगेश प्रसाद यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, रामकृष्ण शर्मा, ब्रह्मदेव दास ने भी संबोधित किया। शहादत दिवस में रामचंद्र यादव, रंजीत भारती, किशोर चौधरी, विनोद पासवान, छोटे लाल दास, कुलेश्वर पंडित, धनपत यादव, गुफरान खान, उदय भारती, कामेश्वर पंडित, बसमतिया देवी, रामकृष्ण शर्मा, दशरथ पासवान आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन महेश प्रसाद सिंह ने किया।

## निर्माण यूनियन ने मनाया भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का शहादत दिवस

**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 92 वीं शहादत दिवस पर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) ने वार्ड नंबर 19 अंतर्गत इंदरवाटांड़ में शहादत दिवस मनाया। जहां शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव अमर रहे, शहीदों ले लो लाल सलाम आदि नारे नारे लगाये जा रहे थे। शिवनंदन भूइयां की अध्यक्षता में हुयी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्माण कामगार यूनियन के नगर सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि 23 मार्च 1931 को आजादी के दिवाने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को ब्रिटिश साम्राज्यवादियों द्वारा फांसी दे दी गयी थी। ये क्रांतिकारी चाहते थे कि साम्राज्यवाद को खात्मा हो तथा शोषणकारी व्यवस्था हो। सांप्रदायिक सद्भाव बनी रहे, वर्गीय भेदभाव खत्म हो और वैज्ञानिक समाजवाद की स्थापना हो। उन्होंने मोदी सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू और किसान सभा के आह्वान पर 5 अप्रैल को दिल्ली रैली में हजारों की संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शम्भु पासवान, राजेन्द्र पासवान, शिवनंदन भूइयां, अनील कुमार, जागेश्वर भूइयां, पप्पू भूइयां, रामचन्द्र भूइयां, अनारकली देवी, गंगा देवी, मंजू देवी, नलिया देवी, संजू देवी, बिरजू भूइयां, सुनील दास, बब्लू दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन आज

**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** 108 कुंडीय नवचेतना गायत्री महायज्ञ को लेकर 24 मार्च को महुआटांड़ मैदान में सुबह 7 बजे से गायत्री शक्तिपीठ के तत्वाधान में धरती माता की पूजा, वीर हनुमान का झंडा तोलन किया जाएगा। यह जानकारी गायत्री शक्तिपीठ मुख्य ट्रस्टी अर्जुन राणा ने दी। उन्होंने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार ईस्ट जोन (बिहार, झारखंड ,बंगाल) के प्रभारी वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में संपन्न होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के अलावा धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। वही 11 बजे से गायत्री मंदिर बाईपास में हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ तथा कोडरमा के ट्रस्टी, जिला संयोजक, युवा प्रभारी, जिला महिला प्रभारी के साथ गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। मालूम हो कि 3 से 6 अप्रैल तक झुमरी तिलैया में 108 कुंडीय यज्ञ के तहत पहले दिन कलश यात्रा निकाली जायेगी और 2 दिन अनुष्ठान गोष्ठी प्रवचन हवन सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

## गणगौर को ले पूजा-पाठ में जुटीं नवविवाहिताएं

**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** हरिये गोबर गोली दाबो भोला चोक पुराबो का देय आखां ल्याबो गोर पुजाओ। ऐसे ही भक्तिमय गीतों की गूंज इन दिनों झुमरीतिलैया शहर के राजस्थानी परिवारों के घरों में सुबह से ही सुनाई देने लग रही है। राजस्थानियों का महत्वपूर्ण गणगौर पर्व को लेकर नवविवाहिताएं और युवतियां इस तरह के गीत अहले सुबह से ही गुनगुनाते हुए पूजन कार्य में जुट जा रही हैं। होलिकादहन के साथ शुरू हुयी यह पर्व आगामी 24 मार्च को संपन्न होगा। झुमरीतिलैया शहर में इन दिनों अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, मारवाड़ी ब्राह्मण समाज की नवविवाहिताएं अमर सुहाग के लिए तथा कुआरी कन्याएं अच्छे वर के लिए यह व्रत कर रही हैं। पूजा के अंतिम दिन महिलाएं और बालाएं अच्छे वस्त्र और आभूषण धारण कर गणगौर की पूजा करती है। इस दिन ईशर-गौरा की मूर्तियों को सजाकर शोभायात्रा निकाली जाती है। इसके पूर्व ईशर-गौरा एवं अन्य देवी-देवताओं को अलग-अलग 16 कुओं का पानी लाकर उन्हें पिलाती है। इसी का साथ धूमधाम से व्रत का पारन होता है।

### रामनवमी पर्व के मद्देनजर शांति समिति की हुई बैठक

# उत्कृष्ट पूजा समितियों को प्रशासन करेगा सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आगामी रामनवमी पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे, भाईचारा के साथ व्यवस्थित तरीके से गरिमामय माहौल में आयोजन के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक नगर भवन सभागार में संपन्न हुयी। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में जिला भर के शांति समिति के सदस्य शामिल हुये। बैठक की अध्यक्षता करते हुये उपायुक्त ने कहा पर्व त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक एवं प्रशासन की प्राथमिकता है। शोभा यात्रा एवं पर्व के दौरान नागरिकों को निरंतर मूलभूत सुविधाएं, सेवा मिले इसके लिए प्रशासन संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है, सभी विभागों के स्तर से सर्वेक्षण का कार्य एवं चीजों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। वरीय अधिकारियों के द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा शांतिपूर्ण, भक्ति भाव तरीके से ऐतिहासिक रामनवमी संपन्न हो इसके लिए ज़िला प्रशासन पिछले साल की तरह लोगों से सहयोग की अपेक्षा रखती है। उन्होंने कहा शोभा यात्रा में लाउडस्पीकर पर सादगी और भक्ति गाने बजाने, पारंपरिक ढोल ताशे की धुन, संगीत पर कोई रोक नहीं है। भड़काऊ और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले गाने और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटर लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। असामाजिक तत्वों के निगरानी के लिए ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी कैमरा का उपयोग किया जाएगा। शहर में सड़कों एवं मकान की छत पर ईट, पत्थर जमा कर रखने वाले का जांच शुरू कर दिया गया है।

रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव ने कहा जुलूस मार्ग पर सुगम ट्रैफिक व्यवस्था एवं जाम की स्थिति से निपटने के लिए जगह जगह बेरकेटिंग कर पुरुष एवं महिला सिपाही की तैनाती की जाय। ज़िला के विभिन्न हिस्सों में आयोजित रामनवमी के मद्देनजर बिजली, पानी, सड़क आदि को दुरुस्त किए जाने की मांग रखी। शोभा यात्रा में आने वाले पुरुषों महिलाओं के लिए अलग-अलग अस्थाइ शौचालय की पर्याप्त सुविधा हो, सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही उन्होंने प्रशासन से शांतिपूर्ण, व्यवस्थित तरीके से रामनवमी आयोजन के लिए प्रशासन से सहयोग का भरोसा दिलाया।

बेहतर एवं शांतिपूर्ण तरीके से पूजा सम्पन्न कराने वाले उत्कृष्ट पूजा समितियों को प्रशासन करेगा सम्मानित

इस बार पूजा जुलूस में बेहतर प्रदर्शन व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने वाली पूजा समितियों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित कर पुरस्कृत किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र के पूजा पंडालों में प्रशासन के द्वारा जुलूस के आकलन का कार्य किया जाएगा, इस दौरान प्रशासन विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा जुलूस में तत्संबंधी दिशानिदेर्शों के बिंदुओं का आकलन कर मार्क निर्धारित करेगी। ताकि जिला प्रशासन इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले समितियों को सम्मानित करने का निर्णय ले सके। शांति समिति की बैठक में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक के अलावे पूनम कुजूर बरही एसडीओ एवं विद्याभूषण कुमार सदर एसडीओ, राकेश रोशन अपर समाहर्ता, एसपी सिंह सिविल सर्जन, सहायक समाहर्ता शताब्दी मजूमदार, एवम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

## अंग्रेजों के ट्रेड डिस्प्यूट बिल से भी खतरनाक है केंद्र सरकार का चार लेबर कोड : सीटू

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शहीदे ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के 92 वां शहादत दिवस के अवसर पर सीपीआई, सीपीएम ने धरना स्थल पर धरना देकर भगत सिंह राजगुरु, सुखदेव का शहादत दिवस मनाया गया। अध्यक्षता ईश्वर महतो एवं संचालन महेन्द्र राम ने किया। सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा की 8 अप्रैल 1929 को अंग्रेजों द्वारा असेंबली में दो जनविरोधी कानून पब्लिक सेफ्टी बिल और ट्रेड डिस्प्यूट बिल लाकर पास करवाना था। उपरोक्त दोनों कानूनों के विरोध में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 मार्च 1929 को असेंबली के खाली स्थान पर बम फेंककर पर्चा बांटते हुए उपरोक्त दोनों कानूनों का विरोध किए थे। यह कोड लागू हो जाने के बाद आठ के बजाय 12 घंटे का कार्य दिवस होगा। इन सब के साथ इस कानून के माध्यम से देश के मुट्ठी भर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम मोदी सरकार कर रही है जो भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के सपनों पर एक कुठाराघात है। तपेश्वर राम, डॉक्टर अनवर हुसैन, निजाम अंसारी, विपिन कुमार सिन्हा, लक्ष्मी नारायण सिंह, गुलाब साव, साबिर हुसैन, निर्मल महतो, आलोक रंजन सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह विजय मेहता, महबूब आलम खुर्शीद आलम, मोहम्मद इस्त्राइल, मोहम्मद मोकीम, राजेश राम, विजय मेहता, जागेश्वर कुमार मेहता, घनश्याम प्रसाद मेहता, अजय प्रसाद मेहता, हरि मेहता, छट्ठू, झागेशवर मेहता के अलावा कई लोग शहादत दिवस में भाग लेकर तीनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए क्रांतिकारी अभिनंदन किया।

## ब्राउन शुगर और कोरेक्स के साथ तीन गिरफ्तार

**हजारीबाग (आजाद सिपाही संवाददाता)।** पेलावल ओपी कांड संख्या 43/23 के प्राथमिकी अभियुक्त आमिर रजा, पिता तौकीर खान ग्राम रोमी, परवेज खान पिता मुस्लिम खान ग्राम रोमी और सहजेब वारसी, पिता सरवर खान ग्राम पेलावल तीनों थाना पेलावल ओपी जिला हजारीबाग को नशीली कोरेक्स सिरप और ब्राउन शुगर के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया की उक्त अभियुक्त को रोमी के रखौत जंगल से गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 20 पीस कोरेक्स सिरप और 5 ग्राम ब्राउनसुगर बरामद किया गया।

## बगोदर से सिमरिया तक अब एनएच 100 हुई एनएच 522

धीरज पुरी

**हजारीबाग।** बगोदर से सिमरिया तक एनएच 100 का नाम बदलकर एनएच 522 कर दिया गया है। इस संबंध में एनएच के किनारे लगे दूरी सूचक बोर्ड में नाम बदलकर एनएच 100 की जगह 522 किया जा रहा है। इस संबंध में सदर एवं दारू क्षेत्र में पेंटर के द्वारा नाम बदला जा रहा था जिसके बाद लोगों के बीच इस बात को लेकर काफी चर्चा होने लगी। इस बारे में राष्ट्रीय पथ कार्यालय में काम करने वाले कर्मियों ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन विभाग के द्वारा ऐसे बदलाव हमेशा किये जाते रहे है उनके आदेशानुसार यह बदलाव हुआ है। बगोदर से सिंघानी तक 48 किलोमीटर फोरलेन सड़क बनाये जाने को लेकर प्रक्रिया अंतिम चरण में है । केंद्र से स्वीकृति मिल चुकी है और सड़क के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण करने के लिए भू अर्जन विभाग को रेकॉर्ड भेजा जा रहा है साथ ही वन विभाग से भी एनओसी के लिए भी फाइल भेजा जा रहा है।

## केरेडारी के बुंडू में भव्य गंगा आरती का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखंड के बुंडू गांव में विक्रम सम्बत 2080 के प्रारम्भ चैत शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर दामोदर नदी छठ घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गयो इस कार्यक्रम में बुंडू, हफुवा व बाराडीह सहित आस पास के क्षेत्र के ग्रामीण महिला पुरुष भक्तों ने भाग लिया यह कार्यक्रम समाजसेवी शिव शंकर साव के नेतृत्व में आयोजित किया गया इस से पूर्व सबों ने दीपक जलाकर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना भी कियो मौके पर बुंडू मुखिया तुलसी तुरी, अर्जुन प्रजापति, बिनोद शर्मा, प्रमोद साहू, राजेश साव, रविन्द्र कुमार, भोला साव, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, मोहन करमाली, शिवम कुमार, सत्यम कुमार, सूर्य कुमार, नीलेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कोयला खनन परियोजना में नवनिर्मित बैरक, फ्लैग पोस्ट और पार्किंग शेड का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा पुलिस लाइन हजारीबाग में नवनिर्मित बैरक, फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग शेड का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से नए भवन की पूजा पाठ के साथ की गयी। पूजा संपन्न होने के बाद नए सभागार में सभी एकत्रित हुए जहां पर मुख्य अतिथि पुलिस उप-महानिरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस पदाधिकारी एवं एनटीपीसी के अधिकारियों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। एनटीपीसी, पुलिस विभाग को निरंतर सहयोग करती आयी है और आज इसी का परिणाम है कि हम सब गुणवत्ता पूर्ण तरीके से बने इस नए सभागार में मौजूद हैं। उन्होंने एनटीपीसी के कामों की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी संस्था होने के बावजूद एनटीपीसी ने बेहद सराहनीय काम किया है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक, चोथे मनोज रतन भी मौजूद थे। उन्होंने एनटीपीसी और पुलिस विभाग की परस्पर समन्वयता का जिक्र करते हुए कहा कि हम एनटीपीसी ने पुलिस विभाग को हमेशा सहयोग किया है। उन्होंने नवनिर्मित सभागार का जिक्र करते हुए कहा कि जब हमें सौ पचास पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग करनी होती थी तो उन्हें धूप, बरसात में ही खड़े करके बातें बतानी पड़ती थी लेकिन अब इस सभागार के बन जाने से हमें इस समस्या से निजात मिलेगी। हम अपने पुलिसकर्मियों को सही तरीके से ब्रीफ कर पाएंगे। बकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने इस मौके पर कहा कि पुलिस और प्रशासन के सहयोग से ही हम सुचारू ढंग से अपना काम कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोयला खनन कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण सहभागिता पुलिस प्रशासन की रही है। मुख्य महाप्रबंधक ने यह भी आश्वासन दिया कि एनटीपीसी की ओर से भविष्य में भी जो सहयोग पुलिस विभाग को चाहिए वह मुहैया करवाए जायेंगे और देश सेवा में हम साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। नवनिर्मित सभागार फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग सेट के अलावा डीआईजी के आवासीय कार्यालय में सुरक्षाकर्मियों के लिए नवनिर्मित रसोईघर का भी उद्घाटन किया गया।

## बासंती नवरात्र पर अखंड हरि कीर्तन आयोजित



**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरका खुर्द शिवालय में वासंती नवरात्र पर अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन व्यवसाई केदार प्रजापति उनकी पत्नी कलावती देवी और गौरी प्रजापति के सौजन्य से संपन्न कराया गया। 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन में विभिन्न गांव के दर्जनों महिला-पुरुष कीर्तन मंडली के सदस्यों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। पुरोहित लोकेश मिश्र, विजय कुमार पांडे, सत्येंद्र पांडे के अलावा अन्य सहयोगियों ने वैदिक विधान के साथ कीर्तन का शुभारंभ कराया, जिसकी पूणार्हुति शुक्रवार को हवन, भंडारा, महाप्रसाद वितरण और ब्राह्मण दक्षिणा के साथ होगा। कीर्तन को सफल बनाने में राधेश्याम प्रजापति, सुखदेव प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, मुंशी ठाकुर, रामचंद्र प्रसाद मेहता, बाबूलाल राणा, बंगाली प्रसाद मेहता, उमेश प्रसाद मेहता, बिरजू प्रसाद मेहता, बेनी प्रजापति, सुभाष प्रजापति, शकुंतला देवी, फुलमतिया देवी, पूर्व मुखिया इंद्रदेव प्रसाद मेहता, कुंजल प्रसाद मेहता, हीरालाल प्रजापति, जीतन प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, उमेश प्रजापति, गणेश प्रजापति, कमल प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, मोहित प्रजापति के अलावा अन्य ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## जरबा रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने रामदुलार साव, सचिव महेंद्र माली

**चरही (आजाद सिपाही)।** आदर्श पंचायत जरबा में बुधवार को चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रशाद नायक के अध्यक्षता में रामनवमी महासमिति का गठन किया गया जरबा मंदिर प्रांगण में रामनवमी महासमिति के बैठक में खचाखच भीड़ में समिति का बदस्तूर चयन किया गया जिसमे अध्यक्ष पद के लिए रामदुलार साव को चयन किया गया, वहीं सचिव पद के लिए महेंद्र कुमार माली, कोषाध्यक्ष के लिए सुखंदू राय, संरक्षण पद के लिए चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रशाद नायक को चयन किया गया। कमिटी के द्वारा निर्णय लिया गया है कि हर साल की भांति इस साल भी रामनवमी महां पर्व को शांतिपूर्वक से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम ये लोग रहे शामिल प्रमुख निरंजन प्रशाद नायक, पंचायत के मुखिया सुनिता देवी, पुर्व मुखिया रामदुलार साव, वकील किशोर कुमार ठाकुर, समाजसेवी कमखया भगत, अवध माली, अशोक प्रजाति, किशोर प्रजाति, सहित दर्जनों लोग शामिल हुये।

## पब्लिक स्कूल ने मनाया विश्व जल दिवस



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा बाजार स्थित चाणक्य जेपी पब्लिक स्कूल विश्व जल दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया। मौके पर सभी शिक्षकों ने बच्चे को जल की महत्ता, जल संरक्षण के बारे में एंव जल प्रदूषण को रोकने के उपायों के बारे में बताया गया। वहीं बच्चो ने जल संरक्षण हेतु शपथ ली कि जल संरक्षण को लेकर सारे उपाय करेंगे ताकि आने वाला कल में हमारा जल कैसे सुरक्षित रख सकें, ताक भविष्य में शुद्ध जल हमें मिल सके। वहीं प्रधानाध्यापक चेतलाल प्रसाद ने कहा की जल है तभी तो कल है,जल ही जीवन है, इसलिए हमे जल संरक्षण हेतु हर कदम उठाने और वर्तमान पीढ़ी को जागरूक करने की आवश्यकता है। ताकि जल की बरबादी को रोका जा सके। मौके पर शिक्षक अनिल प्रसाद, सुधा देवी, प्रिया कुमारी, अंशु कुमारी, श्रुति कुमारी, अंजली कुमारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



**चरही(आजाद सिपाही)।** चरही थाना स्तिथ सभा कक्ष में अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह की अध्यक्षता में रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस इंस्पेक्टर महेंद्र प्रसाद सिंह प्रमुख निरंजन प्रशाद नायक, जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, समेत अन्य पदाधिकारी शांति समिति के सदस्य चरही थाना क्षेत्र के गणमान्य उपस्थित हुये। शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने रामनवमी के मौके पर अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया का लगातार मॉनिटरिंग की जा रहा है। सोशल मीडिया पर समुदाय विशेष पर किसी भी प्रकार के भड़काउ पोस्ट या आपत्ति जनक पोस्ट करने वाले उपद्रवियों एवं असमाजिक तत्व के लोगो को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जायेगा। डीजे पर रोक लगायी गयी है लाउडस्पीकर पर आपत्तिजनक गाने विवादों को उत्पन्न करते है तो इनपर कड़ी नजर रखी जायेगी। शांति समिति के इस बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने अपने अपने क्षेत्र में पूर्व में मनाए गये त्योहारों की स्थिति से अवगत कराया गया साथ ही थाना स्तरीय बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन करने एवं भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की बात कही।

## दर्जनों सखुआ के पेड़ काटे गये



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गोरहर थाना क्षेत्र के गोरहर भैयाडीह जंगल में लकड़ी तस्करों के द्वारा दर्जनों सखुआ पेड़ काटने का मामला सामने आया है। इस बात की सूचना मिलने पर वनरक्षी नाजिर हुसैन, वनरक्षी राजेन्द्र प्रसाद ने जंगल जा कर लकड़ियों को जप्त कर बीट आफिस बरकट्ठा लाया। इस बाबत वनरक्षी नाजिर हुसैन ने कहा कि मुझे सूचना मिली कि भैया डीह जंगल में दर्जनों पेड़ काटे गये हैं। जंगल पहुंचने पर देखा कि लकड़ी के तस्करों के द्वारा सखुआ के 22 मोटे मोटे पेड़ काट दिया गया है। वन विभाग की टीम ने लगभग 60 छोटे बड़े सखुआ का बोटा को चार ट्रैक्टर में लाद कर बीट आफिस बरकट्ठा लाया गया। इस बाबत गांव के ही कुछ लोगों की मिलीभगत से पेड़ काटा गया है। जल्द ही जांच कर उन लोगों पर मामला दर्ज किया जायेगा।

## भराजो में बच्चों के बीच बांटी गयी पोशाक कीट



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के मध्य विद्यालय भराजो में गुरुवार को 3-8 तक के 45 बच्चों के बीच पौशाक, जुता एवं शैक्षणिक कीट का वितरण पंसस शोभा देवी, प्रधानाध्यापक विनोद कुमार दास, अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा के हाथों किया गया। उपस्थित पंसस ने कही कि बच्चों को विद्यालय में पढ़ने के लिए कोई भी संसाधन का कमी नहीं होता है। बच्चों मन लगाकर पढ़ाई करें और विद्यालय का नाम रौशन करें। विद्यालय आने से पहले सफाई पर जरूर ध्यान दें। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार दास ने बताया कि यह पौशाक वैसे बच्चों को दिया जा रहा है जिसका खाता में पैसा नहीं आया है उन बच्चों को दिया जा रहा है। मौके पर शिक्षक शंभु कुमार, संजय कुमार, व्रजमोहन प्रसाद, विमला कुमारी, चंदर राम समेत रसोइया, ग्रामिण एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कार्यालय में पंचायत समिति सदस्यों की समिति गठन में हुई मनमानी



**बरही(आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख कार्यालय में बुधवार को हुई पंचायत समिति सदस्यो की समिति गठित हुई। जिसमें धनवार पंचायत की पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी ने प्रेस बयान जारी कर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा की यह समिति का निर्माण सर्वसम्मति से किया जाना था लेकिन प्रमुख द्वारा पहले से सूची तैयार कर अपने करीबियों को समिति का अध्यक्ष बना दिया गया है, मैंने पंचायत समिति सदस्यो के लिए बने एक वाट्सअप ग्रुप में कुछ लिखकर विरोध जाहिर की तो उसे प्रमुख द्वारा एडमिन का पावर दिखाते हुए मेरा संदेश को डिलीट कर दिया गया। प्रमुख मनोज रजक के इस कृत्य का विरोध करती हूं।

# वेस्ट मोदीडीह में अवैध उत्खनन के दौरान चाल धंसी, चार की मौत

## आधा दर्जन से अधिक घायल, शव और जख्मी लोगों को लेकर भाग निकले परिजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के बीएस माइनिंग आउटसोर्सिंग में अवैध उत्खनन के दौरान चाल धंसने से मलबे में दब कर चार लोगों की मौत हो गयी और आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गये। मृतकों में बैजकारटांड का योगेंद्र, तेतुलमारी टाउनशिप का करण शामिल है। दो मृतकों के नाम का पता नहीं चल सका है। वहीं, घायलों में माला देवी, मीना देवी, महाबीर रवानी, धर्मनाथ, श्याम रवानी, संजय रवानी आदि शामिल हैं। सभी घायलों का गोपनीय ढंग से इलाज कराया जा रहा है।



हादसा गुरुवार सुबह पांच बजे हुआ, जब सुरंग में घुस कर लोग कोयला काट रहे थे। जानकारों का कहना है कि एक तरफ आउटसोर्सिंग कंपनी की मशीन चल रही थीं, दूसरी तरफ अवैध खनन में सैकड़ों लोग लगे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लोग सुरंग में प्रवेश कर कोयला काट ही रहे थे कि तभी ऊपर से चाल धंस गयी, जिसकी चपेट में कई लोग आ गये। बगल में कोयला काट रहे लोगों ने घायलों को निकाला। इसके बाद सभी लोग घायलों और मृतकों को लेकर बाइक, कार व वैन आदि वाहन से भाग निकले। घटनास्थल पर काफी मात्रा में टोकरी, कोयले से भरी बोरियां, चप्पल, कोड़नी, गमछा आदि सामान बिखरा पड़ा दिखा। जानकारी मिलते ही आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी पहुंचे और मशीन लगा कर घटना स्थल की भराई कर दी। सीआइएसएफ के जवान एवं अधिकारी भी पहुंचे और कुछ जानकारी लेकर चलते बने। हालांकि तेतुलमारी थाने की पुलिस नहीं पहुंची थी। गौरतलब है कि घनी आबादी वाले कतरास में कई भूमिगत खदानें हैं। पूरा का पूरा कतरास शहर एवं इसके आसपास का इलाका कोयले के पिलरों पर खड़ा है। अवैध खनन के चक्कर में कई बार लोग भूधंसान के भी शिकार हो जाते हैं। बता दें कि कोयलांचल में कोयले का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा है, जिसमें आये दिन लोगों की जान जाती रहती है। मरने वालों की खबर अखबारों में छपने के बाद बावेला मचता है और दूसरे दिन से ही लोग सब कुछ भूल कर फिर उसी काम में लग जाते हैं। इन घटनाओं पर विराम लगाने में न जिला प्रशासन और न ही बीसीसीएल प्रबंधन कोई गंभीर प्रयास करता दिखता है।

## मुख्यमंत्री एकादश टीम ने मुख्यमंत्री को सौंपी ट्रॉफी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री एकादश एवं पत्रकार एकादश के बीच खेले गए मैत्री क्रिकेट मैच में विजेता रही मुख्यमंत्री एकादश टीम के सदस्यों ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में टीम के कप्तान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्रॉफी सौंपी। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन अंसारी, विधायक प्रदीप यादव, रणधीर सिंह, सरफराज अहमद, पूर्णिमा नीरज सिंह, समीर मोहंती, अनूप सिंह, इरफान अंसारी, संजीव सरदार उपस्थित थे।


कृषक उच्च विद्यालय
गड़री, गुड्डू, रातु, रांची-835222 (झारखंड)
मो. : 8709707667, 9905757024, 9708199223

पत्रांक : KHSGG/45/2023 दिनांक : 23.03.2023

आवश्यकता

निम्नलिखित विषयों के एक-एक सहायक शिक्षकों के लिए आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है। पद एवं योग्यता निम्नलिखित है:-

| क्र. स. | पद | योग्यता |
|---|---|---|
| 01 | जीव विज्ञान | संबंधित विषयों में स्नातक (Hons) + B.ed |
| 02 | गणित | |

नोट : आवेदन निबंधित डाक द्वारा और विद्यालय अवधि में हाथों-हाथ स्वीकर किये जाये जायेंगे।
यात्रा भत्रा देय नहीं। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 10.04.2023
साक्षात्कार की तिथि : 15.04.2023, समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से

संपर्क सूत्र : सचिव - 9708199223, प्रधानाध्यापिका : 9905757024


### झारखंड में पुलिस के बूट से कुचल कर नवजात की मौत

# गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज, पांच सस्पेंड

सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड के गिरिडीह में एक पुलिस वाले ने अपने बूट से नवजात को कुचल दिया। इससे मौके पर ही नवजात की मौत हो गयी। बच्चे का जन्म चार दिन पहले ही हुआ था। मामला गिरिडीह के देवरी के कोशोगोंदोदिघी गांव का है, जहां पुलिस दो आरोपियों की तलाश में गयी थी। छापेमारी के दौरान घर में बिस्तर पर सो रहे चार दिन के नवजात को पुलिसवाले ने अपने बूट से कुचल दिया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक अधिकारी समेत पांच पुलिस वालों को निलंबित कर दिया गया है। गैर इरादतन हत्या के मामले में एफआइआर भी दर्ज की गयी है। सदर डीएसपी संजय राणा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि थानेदार को लाइन हाजिर किया गया है। पीड़ित परिवार ने मामले को लेकर देवरी थाने में आवेदन दिया है। आवेदन में परिवार ने यह भी लिखा है कि पुलिस ने इस मामले की शिकायत नहीं करने की धमकी भी दी। इधर इस मामले को लेकर राजनीति तेज है। मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिये हैं। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। दूसरी तरफ ट्वीट कर भाजपा नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी निशाना साध रहे हैं।

**आरोपी को पकड़ने गयी थी गिरिडीह पुलिस :** जिला मुख्यालय से 33 किमी दूर कोशोगोंदोदिघी गांव में पुलिस ने बुधवार की देर रात 3 बजे के करीब छापेमारी की। मारपीट के मामले में पुलिस दो आरोपियों को पकड़ने पहुंची थी। कोशोगोंदोदिघी के भूषण पांडेय और उनके पड़ोस में रहनेवाले आकाश पांडेय के खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसी घर में नवजात का जन्म चार दिन पहले ही हुआ था। छापेमारी के दौरान सो रहे नवजात को पुलिसकर्मी ने अपने बूट से कुचल दिया। उसी वक्त उसकी मौत हो गयी।
















## सौंदा डी में रामलीला का हुआ आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सौंदा डी क्लब घर के दुर्गा मंडप प्रांगण में बुधवार की देर शाम 9 दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार व पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा ने पूजा पाठ एवं फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि अमित कुमार ने कहा कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक की धरोहर है। समय के साथ रामलीला का आयोजन कम हुआ है लेकिन इसकी महता आज भी सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि हमसबों को रामलीला जरूर देखनी चाहिए। मुखिया उपेंद्र शर्मा ने बताया की रामलीला 22 से 30 मार्च तक चलेगा। जो प्रतिदिन संध्या साढ़े सात बजे साढ़े नौ बजे तक होगा। इस दौरान रामायण से जुड़ी सभी पौराणिक रचनाओं और घटनाओं को प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामलीला के कलाकार प्रयागराज उत्तर प्रदेश से आए हैं। जो अपने पाठ व आकर्षक झांकी से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। मौके पर एसआई मयंक प्रसाद, अक्षय कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, उप मुखिया संजय भारती, रामनवमी पुजा समिति के अध्यक्ष दिपक सिंह, दुर्गा पूजा समिति सचिव संजय यादव, ओमकार कुमार, सोनू पांडेय, बिक्की दुबे सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मनाया शहीदे आजम भगत सिंह शहादत दिवस




भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कार्यालय भुरकुंडा में गुरूवार को अंचल परिषद पतरातु एवं ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन अंचल परिषद द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू का 92वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भाकपा अंचल मंत्री सह फेडरेशन के जिला सचिव कॉ. मनोज कुमार महतो ने शहीदे आजम भगत सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भी शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू अमर रहें, इंकलाब जिन्दाबाद आदि का नारा भी बुलंद किया गया। मौके पर भाकपा अंचल मंत्री कॉ. मनोज कुमार महतो ने कहा कि शहीद भगत सिंह युवाओं के लिए क्रांति के सूत्रधार हैं। उन्होंने कहा कि धर्म और जाति से उपर उठकर देश की एकता अखंडता व सामाजिक सद्भावना बनाए रखना हमसबों का दायित्व है। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालो में मनोज महतो, मनोज पहान, संतोष मुंडा, रामजन्म यादव, जियाउल अंसारी, महेश कुमार, पंकज मुंडा, दीपू मुंडा, रमेश कुमार महतो, रहमत अंसारी आदि शामिल थे।

### पेज-1 का शेष

## 1932 हमारा था, हमारा है और हमारा रहेगा : हेमंत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 27 फीसदी आरक्षण लाने का काम किया, लेकिन भाजपा के लोगों ने लटका दिया। इन लोगों की मंशा ही रहती है कि उसे लागू ही नहीं होने देना है, ताकि झारखंड के लोगों को नौकरी ना मिले। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि सियार शेर का खाल पहन लेने से शेर नहीं हो जायेगा।

**भाजपा ने बाहरी को दी नौकरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले झारखंड में आधे से ज्यादा बाहरी लोगों को लेकर भर दिया गया था। हमारे पास उसका आंकड़ा भी है। भाजपा की सरकार में जो शिक्षा मंत्री थे, उनके समय में अध्यापक की बहाली हुई। कुल 176 अध्यापकों की बहाली उनके जिले में हुई, जिसमें से 45 अध्यापक उत्तरप्रदेश के रहनेवाले बहाल किये गये। अभी हम लोगों ने जेपीएससी की बहाली की है, उसमें झारखंड के लोगों को बहाल किया है।

**भ्रष्ट अधिकारी भाजपा सरकार की देन :** हेमंत सोरेन ने कहा कि जिन पर इडी कार्रवाई कर रही है, वे सभी भाजपा सरकार की ही देन हैं। भाजपा की सरकार में कहां पर पुल गिरा, कौन लेता था इस तरह के निर्णय, कौन शह देता था गलत निर्माण करने का? यह सब भाजपा के टाइम पर ही किया गया है। हमारे समय में बता दीजिए कि कौन से ऐसे काम किये गये, जिसमें कोई पुल गिर गया? अभी तो राज्य ने चलना शुरू किया है, इससे पहले तो राज्य का पूरा विकास ही रुक गया था।

**ये हिंदू वोट बटोरने का काम करते हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने 20 सालों में कभी भी तपोवन मंदिर का काम नहीं किया। हमारी सरकार ने ही तपोवन मंदिर का जीर्णोद्धार करने का काम किया है। ये लोग सिर्फ उस पर हिंदू की राजनीति करते हैं। ये क्या हिंदू की बात करेंगे। ये सभी लोग हिंदुओं के दुश्मन हैं। ये लोग हिंदुओं का वोट बटोरने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हम झारखंड के 100 फीसदी लोगों को नौकरी देने की व्यवस्था करते हैं, तो भाजपा के लोग ही विरोध करते हैं। जब हम केंद्र से अपना हक अधिकार मांगते हैं, तो यही भाजपा के लोग वहां भी विरोध करते हैं।

**अमृतकाल में लोग जहर पीने को विवश हैं :** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज के अमृतकाल में कौन ऐसे लोग हैं, जो अमृत पी रहे हैं। अमृत काल में भी लोग जहर पीने को विवश हैं। गरीबी और भुखमरी चरम पर है। भाजपा की सरकार आते ही ये बातें कही गयी थीं कि बहुत कुछ बदलेगा। आज गरीब, किसान, व्यापारी कोई अपने पैर पर खड़ा नहीं हो पा रहा है। नोटबंदी का ऐसा काम इन्होंने किया कि आज पूरा देश अपने पैर पर नहीं खड़ा हो पा रहा है। यह सिर्फ और सिर्फ अपनी मनमानी राजनीति को स्थापित करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि देश की जो हालत हो गयी है, उसमें भाजपा के लोग ये बतायें कि गरीब वर्गों के लिए क्या किया है? रोजगार के लिए क्या किया है? यही लोग कहते थे कि गरीब लोग हवाई चप्पल पहन कर के हवाई जहाज में सफर करेंगे, लेकिन अब उसी हवाई जहाज को बेच दिया। रेलवे को भी बेच दिया है। इन लोगों की कथनी और करनी में बहुत अंतर है।

**तीन साल में बेहतरीन काम किया :** हेमंत सोरेन ने कहा कि हम लोगों ने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया है और बेहतरीन काम किया है। दो साल कोरोना वायरस में गया है। बचे हुए साल में हम लोग बेहतरीन तरीके से काम करेंगे। हम लोगों ने 10,00,000 किसानों को ऋण उपलब्ध कराया है। महिलाओं, किसानों, बुजुर्गों, अनुबंध कर्मियों, दिहाड़ी मजदूरों की बच्चियों को हम लोगों ने लाभ देने का काम किया है। अब तो जीएसटी की ऐसी व्यवस्था आ गयी है, जब तक केंद्र सरकार की हम पर कृपा नहीं बरसेगी, तब तक हम कोई काम कर नहीं पायेंगे। पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया गया। हमारी सरकार ने यहां के बच्चों को पूरा स्कालरशिप देकर विदेश पढ़ने के लिए भेजा। सोरेन ने कहा कि गलत नीतियों के नाते ही इन्हें एक राज्य से हाथ धोना पड़ा है। आनेवाले समय में इन्हें पूरे देश से हाथ धोना पड़ेगा।

**मदर ऑफ डेमोक्रेसी हो गयी पावर आफ फॉदर :** सदन में हेमंत सोरेन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर आये कोर्ट के फैसले पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहा जाता था। लोग इसकी चर्चा भी करते थे, लेकिन अब इन लोगों ने जिस तरीके का हालात पैदा किया है, उससे पूरी व्यवस्था का मापदंड ही बदल गया है। जो हालात भाजपा ने पैदा किये हैं, उसके बाद अब भारत में एक नया रूप हो गया है, जिसमें डेमोक्रेसी को पावर आफ फॉदर बना दिया गया है।

### मां की ममता का सौदा मामले में झारखंड के बड़े सिंडिकेट का खुलासा

# खरीदार दंपति समेत 11 लोगों को चतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

अजय चौरसिया




चतरा (आजाद सिपाही)। नवजात के जन्म के चंद घंटे बाद सदर अस्पताल से ममता का सौदा मामले में एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई की है। नाबालिक खरीद बिक्री में शामिल राज्य स्तरीय गिरोह का चतरा पुलिस ने खुलासा करते हुए मासूम का एक लाख में सौदा करने वाली कलयुगी मां, सदर अस्पताल की सहिया और एनटीपीसी के ड्रेसर समेत चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ और बोकारो के एक दर्जन सरकारी व निजी अस्पतालों के स्वास्थ्य कर्मियों को गिरफ्तार किया है। चतरा डीसी अबू इमरान और एसपी राकेश रंजन के संयुक्त निर्देश पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की एसआईटी ने प्रोफेशनल तरीके से त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह में शामिल सहिया ने चतरा शहर के झारखंड मैदान इलाके में संचालित अवैध नर्सिंग होम के संचालक अरुण कुमार दांगी के मिलीभगत से साढ़े 4 लाख रुपये में नवजात का सौदा कराया था। नवजात की मां को सहिया ने ही एक लाख रुपये देकर अस्पताल से बाहर ले जाकर बच्चा को बेचवाने में अहम भूमिका निभायी थी। मामले में नवजात को नाजायज तरीके से खरीदने वाले हजारीबाग के बड़कागांव निवासी दंपत्ति उपेंद्र कुमार और रीना देवी को एसआईटी ने बड़कागांव से गिरफ्तार किया है। साथ ही नाबालिग खरीद-बिक्री सिंडिकेट में शामिल एनटीपीसी टंडवा के ड्रेसर सरोज कुमार समेत 9 अन्य ब्रोकरों को हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और बोकारो जिले के अलग-अलग ईलाके से धर दबोचा है। हालांकि गिरोह का मास्टरमाइंड अरुण दांगी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिसिया दबिश बढ़ा दी गयी है। एसआईटी में सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई बीना कुमारी व निरंजन कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल व नाबालिग खरीद बिक्री में प्रयुक्त एक लाख 64 हजार रुपया नगद भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

हिरासत में लिये गये लोगों में चास के जोधाडीह मोड़ निवासी आनंद जायसवाल और रजनीकांत तथा हरला थाना क्षेत्र के चैताटांड़ निवासी चंदन कुमार शामिल हैं। चतरा सदर थाना पुलिस तीनों मध्यस्थों एवं नवजात को खरीदने वाले दंपती को भी हिरासत में लिया है। गुरुवार को एसडीपीओ ने बताया कि एसआईटी एसआई वीणा कुमारी के नेतृत्व में बोकारो के चास थाना पहुंची। जहां जोधाडीह मोड़ जे रहने वाले आनंद जायसवाल को चास पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया। जिसके बाद उससे कड़ायी से पूछताछ की गयी, तो उसने एक अन्य युवक रजनीकांत का नाम बताया।

रजनीकांत को चास पुलिस ने चास चेकपोस्ट से हिरासत में लिया। पूछताछ के क्रम में दोनों ने बताया कि हरला थाना क्षेत्र के चैताटांड़ में रहने वाले चंदन कुमार ने ही अपने एक रिश्तेदार को नवजात दिलाया है। जिसके बाद चतरा सदर पुलिस हरला थाना पहुंची। हरला थाना पुलिस के सहयोग से चंदन को हिरासत में लिया गया। जिसके बाद उसने नवजात को बरामद करने में पुलिस को सहयोग करने की बात स्वीकारी। चैताटांड़ के चंदन ने पुलिस को बताया कि नवजात हजारीबाग के बड़कागांव में रहने वाले उसके एक रिश्तेदार के पास है। उन्होंने ही नवजात को खरीदा है। पुलिस की लगातार दबिश देखकर उसने पहले ही उक्त रिश्तेदार को नवजात बोकारो पहुंचाने को कहा था। नवजात को लेकर रिश्तेदार बड़कागांव से बोकारो आ रहे हैं। पुलिस ने उन्हे आने के दौरान ही पेटरवार में रोक लिया और नवजात को अपने कब्जे में ले लिया।

नवजात को खरीदने वाले दंपती का कहना है कि उन्होंने बच्चे को खरीदा, क्योंकि उनकी सिर्फ तीन बेटियां हैं और पुत्र नहीं है। गौरतलब है कि चतरा के दीभा मुहल्ला निवासी एक महिला ने पैसों के लालच में प्रसव के आठ घंटे के बाद ही एक लाख रुपये में अपने नवजात को बेच दिया था। महिला ने 18 मार्च की रात चतरा के सदर अस्पताल में शिशु को जन्म दिया था। इधर, महिला के रिश्तेदारों की शिकायत पर चतरा जिला प्रशासन एवं सदर अस्पताल प्रबंधन हरकत में आयी और नवजात की तलाश शुरू की। नवजात की मां को एक लाख रुपये दिये गए थे। जबकि साढ़े तीन लाख रुपये सहिया व ड्रेशर समेत अन्य ब्रोकरों के बीच बांटा गया था। बहरहाल गिरोह के मास्टरमाइंड अवैध नर्सिंग होम के संचालक अरुण कुमार दांगी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिसिया दबिश बढ़ा दी गई है। अरुण दांगी की गिरफ्तारी के बाद ही इस पूरे गिरोह और उससे जुड़े मानव तस्करी से जुड़े सफेदपोश गुनाहगारों के चेहरे से पर्दा हट सकेगा।

## रंगदारी मामले में पांडे गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



पतरातू। पतरातू पुलिस सर्किल अपराध और अपराधियों के साम्राज्य के रूप में जाना जाता है। पिछले कुछ समय से पतरातू क्षेत्र से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की बात सामने आ रही थी। उसके बाद पतरातू अनुमंडल पुलिस द्वारा पतरातू क्षेत्र में अपराध और अपराधियों को नियंत्रण में रखने के लिए रणनीति बनायी गयी, जिसका परिणाम भी सामने आया है।

पतरातु पुलिस ने रंगदारी मामले में पांडे गिरोह के एक सदस्य डोकाटांड निवासी अशोक महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि पांडे गिरोह का सदस्य अशोक महतो रंगदारी का पैसा लेने के लिए खैरा मांझी के पास खड़ा था । बुधवार को इसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिलते ही उसे धर दबोचा। एसडीपीओ ने बताया कि उसके पास से 7.65 एमएम का एक देसी पिस्टल जिसका बट सिल्वर चार जिंदा कारतूस एक मोबाइल 25000 रुपया उसके पास से बरामद किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में हरदेव कंस्ट्रक्शन के गोलीकांड में भी संलिप्त था। पांडे गिरोह के लिए काम करता है । पूर्व में भी इसका आपराधिक इतिहास रहा है और जेल भी जा चुका है । उन्होंने बताया कि घर में तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा एवं 315 बोर की दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है।

छापामारी दल में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, इंस्पेक्टर रोहित कुमार महतो, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, सोनू कुमार साव, भुरकुंडा प्रभारी अमित कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## कलश यात्रा के साथ हनुमान प्राण प्रतिष्ठा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



गोला। प्रखंड क्षेत्र के रायपुरा गांव में गुरवार से आयोजित श्री श्री 108 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है।इसे लेकर मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।जो मंदिर से निकलकर भैरवी नदी तट तक पहुंचा। यहां पर पुजारी संजीव मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाया। इसके बाद यात्रा में शामिल महिलाओं, युवतियों ने कलश में पवित्र जल भरकर पुनः उसी रास्ते से होकर पैदल ही मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक किया।यात्रा में शामिल भक्तों ने शिव मंदिर दूर है जाना जरूर है, गुंजो से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बताया गया कि इस सात दिवसीय महायज्ञ में ज्योतिषचार्य महेश झा, विधाचार्य मनीष शास्त्री, बालेश्वर पांडेय, प्रवचन कर्त्ता संतोष द्विवेदी, निशा साध्वी ओर लष्मी बाला पांडेय के द्वारा लगातार प्रवचन प्रस्तुत करेंगे। मौके सबु करमाली, पंचम महतो, महेश महतो, गणेश महतो, अशोक कुमार, जलेश्वर महतो, अलका महतो, फूलो देवी, ज्योति आदि शामिल थे।

## चैत्र नवरात्र में माता का आगमन नौका पर सवार होकर आयेंगी मां दुर्गा

निरंजन महतो




रजरप्पा(आजाद सिपाही)। 22 मार्च से से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो गयी है। पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही मां शैलपुत्री की पूजा हुयी। चैत्र नवरात्र को लेकर रामगढ़ जिला के रजरप्पा स्थित सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में विशेष तैयारी की गई है। झारखंड के प्रसिद्ध सिद्धपीठ में छिन्नमस्तिका मन्दिर में चैत्र नवरात्र को लेकर विशेष पूजा की जाती है। यहां भक्तों की भीड़ काफी होती है। नवरात्र के समय में मंदिर प्रशासन के साथ रजरप्पा पुलिस भी चौकस रहती है। छिन्नमस्तिका मन्दिर के वरिष्ठ पुजारी असीम पंडा, सुबोध पंडा, छोटू पंडा, लोकेश पंडा ने बताया कि इस बार माता का आगमन नाव पर हो रहा है और विदायी हाथी पर होगी। माता रानी के हाथी पर वापस लौटने के कारण इस साल अधिक बारिश का भी संयोग बन रहा है।

कोलकाता के कारीगरों के द्वारा फूलों से हो रहा मां छिन्नमस्तिका मंदिर का सजावट

चैत्र नवरात्र के मौके पर मां छिन्नमस्तिका मंदिर को फुलों से आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। छिन्नमस्तिका मंदिर के पुजारी असीम पंडा, शुभाशीष पंडा, छोटू पंडा, गुड्डू पंडा, सुबोध पंडा, रितेश पंडा ने बताया कि मंदिर को सजाने के लिए कोलकाता से 27 कारीगर आये हुये है। कहा कि कारीगर मां का दरबार को आकर्षक रुप में देने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है। उन्होंने कहा कि मां का दरबार फुलों से सजने के बाद मंदिर की सुंदरता देखते ही बनेगी। साथ ही रात में रंग बिरंगी बिजली की चकाचौंध मनमोहक रौशनी के कारण मंदिर की सुंदरता में चार चांद लग जायेगा। रजरप्पा मंदिर के पुजारियोंने बताया कि मां की विधिवत नौ दिवसीय चलने वाले पूजा करने वाले भक्तों पर मां की असीम कृपा रहती है। मान्यता है कि नवरात्रि में माता रानी का पाठ करने से देवी भगवती की खास कृपा प्राप्त होती है। मां दुर्गा को सुख, समृद्धि और धन की देवी माना जाता है। जो भी भक्त पूरी श्रद्धा से मां दुर्गा की पूजा करते हैं, उन्हें माता रानी का खास आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## रामनवमी पूजा को लेकर ओपी में शांति समिति की बैठक



कुजू(आजाद सिपाही)। कुजू ओपी परिसर में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता मांडू इंस्पेक्टर संजय गुप्ता व संचालन ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने की। बैठक में मुख्य रूप से मांडू अंचल निरीक्षक सुरेश वर्णवाल मौजूद थे। बैठक के दौरान ओपी प्रभारी ने सभी अखाड़ा के प्रतिनिधियों सहित आमलोगों को रामनवमी जूलूस के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। कहा कि पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने की नसीहत देते हुए किसी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट की जानकारी यथाशीघ्र पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने संपूर्ण पूजा के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था चाक- चौबंद का भरोसा दिलाया। मौके पर ओपी के अनि कमलेश सिंह, सअनि हीरा लाल मुंडा, ज्ञानी महतो के अलावे अमर सिंह, जगेश्वर प्रजापति, प्रेम प्रसाद, शिव प्रसाद साहू, इंद्र प्रसाद गुप्ता, धर्मराज राम, सुधीर सिंह, कयूम खान, गणेश सोनी, रतन प्रसाद साहू, शंभू लाल ठाकुर, जय कुमार ओझा, हेमनी देवी, उमेश चंद्र पटेल, अरशद अंसारी, सुरेश चंद्र पटेल, अरविंद साहू, लखन प्रसाद, जितेंद्र गुप्ता, मुबारक हुसैन, दिवाकर गिरी, समीम अंसारी, चितू महतो, नरेश पटेल, महेश ठाकुर, अर्जुन यादव, कीनू रविदास, द्वारिका प्रसाद भंडारी, कुलदीप प्रसाद कुशवाहा, जयनाथ महतो, धनेश्वर महतो, दिलीप करमाली, उमेश करमाली, शक्ति कुमार के अलावे कई लोग मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर चोरी को लेकर ओपी में आवेदन

कुजू(आजाद सिपाही)। रबोध निवासी चरकु मांझी ने ट्रैक्टर चोरी को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। दिये गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि बुधवार की रात्रि ट्रैक्टर संख्या जेएच02बीएल- 6290 को प्रतिदिन की तरह घर के सामने खड़ा कर सोने के लिए अंदर चला गया। सोने से पूर्व ट्रैक्टर की बैटरी खोल कर अंदर रख दिया था। वही, गुरुवार की सुबह ट्रैक्टर को गायब पाया। काफी खोजबीन किये जाने के बाद भी कही नही मिला। उन्होंने पुलिस से खोजबीन करने की गुहार लगाया है।

## सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



बरकाकाना(आजाद सिपाही)। सरहुल व रामनवमी त्योहार को लेकर बरकाकाना ओपी प्रांगण में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश ने किया। बैठक में शान्ति समिति के गणमान्य सदस्यों सहित बिभिन्न अखाड़ा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से सभीलोगों को अवगत कराया। बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश ने उपस्थित लोगों को त्योहार की बधायी देते हुए कहा जिला प्रशासन के आदेशानुसार डीजे बजाने पर पाबंदी रहेगी, साथ ही रामनवमी में अखाड़ा समिति के लोग जुलूस को तय रूट से निकाले। किसी प्रकार के अपवाहों पर ध्यान न दे। कही भी किसी भी घटना या अपवाहों की खबर की सूचना बरकाकाना ओपी को सूचित करें। शांति ब्यवस्था को भंग करने वाले लोगो पर अवश्य रूप से कानूनी कार्यवाही की जायेगी। मौके पर पुलिस पदाधिकारी भुनेश्वर यादव, परवेज अहमद खान, युगेश रजक, वार्ड पार्षद विनोद तिवारी, गीता देवी, भुनेश्वर बेदिया, प्रभु करमाली, रामा मुंडा, अशोक पासवान, नागेश्वर मुंडा, गोविंद बेदिया,हरेश राय, चंदन गोप हाजी खलील, इकबाल खान, रामेश्वर बेदिया, बिलू अहमद, कुश श्रीवास्तव, बीरबल बेदिया, नागेश्वर महतो, महेंद्र सिंह, विजय सिंह, फरीद अंसारी, विमला दांगी, सुनील वर्मा, राजेश बेदिया, मो सराफत, सुनील बेदिया, धनराज बेदिया, अभिनाश सिंह, सुरेंद्र महतो, जनार्दन लाल, सुखदेव करमाली, नसीम अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी चट्टी बारियातु से ट्रांसपोर्टिंग के लिए बने रोड मैप



टंडवा(आजाद सिपाही)। सिसई से शिवपुर तक एनटीपीसी चट्टी बारियातु कोल डिस्पैच के मद्देनजर बनाये जाने वाले रोड का सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने फिर कड़ा विरोध किया है। चट्टी बारीयातु कोल माइनिंग से सिसई खैलहा होते हुए टंडवा सिमरिया मुख्य मार्ग के द्वारा कटमसांडी साइडिंग तक ट्रांसपोर्टिंग का रोड मैप बनने की सूचना जैसे ही सिसई निवासी सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय को मिला, उन्होंने जान माल के खतरे को देखते हुये कड़ा विरोध किया है। साथ ही उन्होंने सिसई से बृंदा मोड़ तक रोड की काफी खराब स्थिति के लिये भी ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अब यह रोड एनटीपीसी के पैसे से नहीं बल्कि प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत आरडब्ल्यूडी विभाग से बनेगा। इसके लिये सारी तैयारी हो चुकी है। और फिर यह रोड कोयले की ट्रांसपोर्टिंग के लिये नहीं बल्कि केवल ग्रामीणों के उपयोग के लिए रोड रहेगा। इस रोड के साथ ही बहेरा से बड़गांव 20 किलोमीटर और हेसातु से टूटीलावा तक 8 किलोमीटर का रोड पक्की सड़क कालीकरण होगा। सांसद चतरा सुनील कुमार सिंह के द्वारा उक्त सभी सड़क के निर्माण के लिए अनुशंसा की गयी है। विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है,बहुत जल्द उक्त कार्यों का टेंडर निकाला जायेगा। हेसातु, सिसई के साथ साथ प्रखंडवासियों ने इसके लिए सांसद के प्रति आभार प्रकट किया। भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह ने आभार व्यक्त करते हुये कहा कि हेसातु से टूटीलावा रोड बनने से लिंक रोड हजारीबाग के लिए इस क्षेत्रवासियों के लिए बहुत ही सुगम हो जायेगा।

## दहेज के लिए पत्नी को जान से मारने के आरोप में पति को हुई सजा

रामगढ़(आजाद सिपाही)। दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने व जान से मार डालने के आरोपी पति संजय कुमार गिरी को एडीजे वन शेषनाथ सिंह की अदालत में गुरुवार को दोषी करार दिये जाने के बाद सजा सुनायी है। आरोपी पति संजय कुमार गिरी को अदालत ने भादवि की धारा 304 (बी) के तहत आठ वर्ष की सजा और 80 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर आरोपी को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा होगी। मामले की जानकारी देते हुए लोक अभियोजक आर बी राय ने बताया कि मामला भुरकुंडा थाना क्षेत्र के 6 अक्तूबर 2020 का है। आरोपी पति अपनी पत्नी को दहेज के रूप में एक लाख रुपये नकद व मोटरसाईकिल के लिए हमेशा प्रताड़ित करता था। नहीं देने पर आरोपी ने अपनी पत्नी को जान से मार डाला था। घटना के बाद मृतका के भाई ने आरोपी के खिलाफ भुरकुंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद अदालत ने सात गवाह, केस के आईओ मनोहर प्रजापति और डॉ तांबा रिजवी के पोस्टमार्टम रिर्पोट के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए यह सजा सुनायी है।

## बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

गोला(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र की एक महिला ने एक युवक पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि महिला बुधवार को कुछ सामान खरीदने बाजार गयी थी। वह बाजार से वापस लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में युवक ने महिला से दुष्कर्म किया। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत बुधवार को बरलंगा थाना में की। गुरुवार को युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर यह कारवाई की गयी है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मां सायर देवी धाम में तृतीय वार्षिकोत्सव पर रासलीला मंच का उद्घाटन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां सायर देवी धाम प्रांगण में तृतीय वार्षिकोत्सव के दौरान बुधवार की रात्रि में रासलीला का मंचन वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा किया गया। रासलीला मंच का उद्घाटन सुप्रसिद्ध चिकित्सक व गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ अनिल साह, समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता, मुखिया रामसागर महतो, प्रेमचंद प्रसाद, मुन्ना राम, नवीन जायसवाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। डॉ साह ने कहा कि ऐसे आयोजन से धर्म, संस्कृति और संस्कार आती है। रासलीला देखकर अपने अंदर की वृत्तियों में सुधार लाने की आवश्यकता है, हमारी जो प्राचीन संस्कृति है उससे बच्चे संस्कारवान बनेंगे। रासलीला का शुभारंभ गिरधर तेरी आरती गाऊं भजन से की गई। कलाकार ने राधा, श्री कृष्ण के रूप में लीला का मंचन कर श्रद्धालुओ को भाव विभोर कर दिया। वाद्य यंत्रों पर कलाकारों के ब्रज की मधुर स्वर से आसपास का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। उद्घाटन सत्र का संचालन देवी धाम समिति के अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा किया गया।

## राहुल गांधी को सजा सुनाये जाने के विरोध में जिला कांग्रेस ने किया संकल्प सभा का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रंका मोड़ पर एक संकल्प सभा का आयोजन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसर किया गया। इस मौके पर ज़िला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि सूरत न्यायालय गुजरात के द्वारा हमारे आदरणीय नेता राहुल गांधी जी को सजा सुनाए जाने पर आज हम लोगों ने संकल्प सभा का आयोजन किया है। आज हम सभी लोग ये संकल्प लेते हैं की हमलोग आदरणीय नेता राहुल गांधी जी के संघर्ष के साथ आगे बढ़ने और हर चुनौतियों का सामना करने का संकल्प लेते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी उदयनारायण तिवारी,उमेश त्रिपाठी, दिवाकर चौबे, मंसूर अंसारी, केयाम अंसारी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्र नाथ चौबे, भोला राम सहित कई लोग मौजूद थे

## भंडरिया में बाघ देखे जाने पर ग्रामीणों में दहशत

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में तेंदुआ, जंगली हाथी एवं सूअर से लोग पहले से ही परेशान थे। अब यहां जंगली बाघ ने भी दस्तक दे दी है। इसको लेकर ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। वन विभाग उक्त जंगली जानवरों को पकड़ने या उससे काबू करने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। मंगलवार को भंडरिया के नगनाहा गांव में जंगली बाघ देखे जाने के बाद अब लोग महुआ चुनने जंगलों में नहीं जा पा रहे हैं। वन विभाग द्वारा गांव में प्रचार कर लोगों से जंगल नहीं जाने की अपील की जा रही है। गांव के लोगों को महुआ चुनना जीविका का एक प्रमुख साधन भी है। पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में जंगली हाथी का उत्पात कायम है। इसे भगाने के लिए वन विभाग द्वारा काफी प्रयास भी किया गया। इस के बावजूद जंगली हाथी कई घरों को तोड़ चुके हैं और कितने किसानों की अनाज को नुकसान पहुंचा चुका है। पिछले माह जंगली तेंदुआ ने भंडरिया थाना क्षेत्र में हमला कर कई लोगों की जान ले ली है। वन विभाग इसे भगाने और पकड़ने के लिए हैदराबाद के चर्चित सूटर सफत नवाब अली खान को बुलाया था, परंतु उक्त तेंदुआ को पकड़ने या मारने में विभाग नाकाम रहा। जंगलों में जंगली सूअर का भी आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लोग बचते बचते भी जंगली सूअर के शिकार बन जाते हैं। अब भंडरिया के जंगलों में बाघ निकलने की सूचना पर लोगों के होश उड़ रहे हैं। ज्ञात हो कि भंडरिया थाना क्षेत्र के कई गांव की जंगल पीटीआर में शामिल है। इस जंगल में जंगली जानवर स्वतंत्र रूप से विचरण करते हैं। कभी पानी के तलाश में या फिर जंगल में आग लगाने के कारण जंगली जानवर भटक कर गांव की ओर पहुंच जाते हैं। नतीजतन जंगली जानवर को नुकसान तो होता ही है, साथ ही ग्रामीणों पर भी खतरा बना रहता है। पीटीआर के जंगल से जानवर को बाहर निकालने से रोकने के लिए सरकार द्वारा कोई वृहद उपाय नहीं की जा रही है, जिसके कारण आए दिन जंगली जानवर द्वारा लोगों को नुकसान पहुंच रहा है।

**कार्यक्रम :** डॉ राममनोहर लोहिया के 113वें जयंती समारोह का किया गया आयोजन

# रामचंद्र केशरी की पुस्तक 'सड़क से सदन तक' का किया गया लोकार्पण

**वक्ताओं ने कहा- डॉ लोहिया के अनुयायी रामचन्द्र केशरी का जीवन आज के युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत है**





आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** डॉ राममनोहर लोहिया चेतना मंच के तत्वावधान में गुरुवार को ड्रीम गार्डेन में महान समाजवादी चिंतक डॉ राममनोहर लोहिया की 113वीं जयंती समारोह सह पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के 50 वर्षों के संघर्षपूर्ण जीवन पर आधारित कॉफी टेबल बुक 'सड़क से सदन तक' का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ राममनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा कार्यक्रम स्थल पर शहीदे आजम भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा डॉ मनोहर लोहिया के अनुयायी संघर्षशील समाजवादी नेता पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के 50 वर्षों के क्रियाकलापों पर आधारित पुस्तक 'सड़क से सदन तक' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्वमंत्री सह डॉ लोहिया के अनुयायी रामचन्द्र केशरी का जीवन संघर्षपूर्ण रहा है। उनका जीवन आज के युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत है। इनके बताये मार्ग पर चलकर समाज एवं देश का भला किया जा सकता है। इन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और लोहा मनवाया। यह पुस्तक उनके 50 वर्षों के राजनीतिक जीवन की संघर्ष गाथा है। इस पुस्तक के सम्पादक उनके बड़े पुत्र विजय कुमार केशरी तथा इस कार्य मे इनके अनुज राजीव कुमार केशरी व अनिल कुमार केशरी का सहयोग प्रशंसनीय है। यह पुस्तक 11 खंडों में विभाजित व 252 पेजों में सजाया गया है।

वहीं वक्ताओं ने डॉ राममनोहर लोहिया को सच्चा देश भक्त, प्रखर समाजवादी नेता एवं चिंतक बताया।

कार्यक्रम के अंत में पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के अनुयायियों व सम्पादक मंडल के सदस्यों को डॉ राममनोहर लोहिया की तस्वीर, अंगवस्त्र व पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश व डॉ राम मनोहर लोहिया विचार मंच हैदराबाद, तेलंगना के अध्यक्ष टी. गोपाल सिंह, मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार सह डॉ राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ राम मनोहर लोहिया फाउंडेशन कोलकाता के सचिव राज कुमार रूंगटा, लोक क्रांति अभियान नई दिल्ली के संयोजक गोविंद यादव, समाजवादी युवा मंच नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रत्यूष नंदन, निर्भया सेना सह रेल एवं वित्त मंत्रालय के सदस्य सतीश मिश्रा 'बाबा', राष्ट्रीय पुस्तकालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार समिति के सदस्य नारायण महतो सहित स्थानीय नेताओं ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, जवाहिर पासवान, उमेश सहाय, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, मथुरा पासवान, नंदकिशोर प्रसाद, हीरा प्रसाद, मो. नईम खलीफा, सलीम अंसारी, ओमप्रकाश गुप्ता, विजय कुमार सिंह, आनन्द कुमार सिन्हा, अश्विनी कुमार, सीताराम जायसवाल, राजकुमार प्रसाद, दिनेश शर्मा, डॉ धर्मचन्द लाल अग्रवाल, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ भंडारी, सूरज गुप्ता, सुभाष केशरी, राजकुमार राम सहित बड़ी संख्या में गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविशंकर पांडेय ने की।

## भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन का निर्माण करें : अमित कुमार



**लोस एवं विस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मजबूती के साथ चुनाव जीतेंगे : ओमप्रकाश केशरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार बूथ सत्यापन एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मझिआंव नगर मंडल, ग्रामीण मंडल, बरडीहा मंडल, कांडी मंडल में पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार ने कहा कि बूथ स्तर पर भाजपा को सशक्त बनाना है। भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने को लेकर हर जाति वर्ग धर्म के लोगों को बूथ स्तर पर जोड़ना होगा। जिससे सभी जाति धर्म के लोगों की सहभागिता बूथ निर्माण में सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आवास, शौचालय, जन धन योजना, अन्न योजना सहित अन्य योजनाएं जनहित में शुरू की है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से बूथ स्तर पर संगठन का निर्माण करें।

भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि गढ़वा जिला में भाजपा कार्यकर्ता बूथ निर्माण में दिन रात लगे हुए हैं साथ ही साथ पन्ना प्रमुख पन्ना समिति का निर्माण भी बूथ स्तर पर कर रहे हैं। आने वाले समय में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मजबूती के साथ चुनाव जीतेंगे। इसको लेकर बूथ स्तर पर संगठन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। संगठन निर्माण के लिए जिला प्रभारी, मंडल प्रभारी सहित शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक का दायित्व प्रमुख कार्यकर्ताओं को दिया गया है। बहुत जल्द कमेटी तैयार हो जाएगी। कार्यक्रम मुख्य रूप से भाजपा नेता ओम प्रकाश तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम लला दुबे, मंडल अध्यक्ष पवन कुमार साहू, उमाशंकर यादव, श्रीकांत पांडेय, योगेन्द्र मेहता, बीरेन्द्र नाथ दुबे, भगवान दत तिवारी, महामंत्री शशि रंजन दुबे, ओम प्रकाश गुप्ता, सुनिल चौहान, दीपक चौहान, उप प्रमुख सत्येन्द्र पासवान, रणधीर जी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीओ ने 48 घंटे बाद जब्त सात बालू लदे ट्रैक्टरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी

**सोनडीहा बाकी नदी बराज के पास दो स्थानों पर बालू एवं एक स्थान पर गिट्टी डंप किये जाने पर अज्ञात लोगों पर दर्ज करायी प्राथमिकी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन एवं भंडारण के मामले में 48 घंटे बाद सीओ निधि रजवार ने विशुनपुरा थाना में जब्त सात बालू लदे ट्रैक्टर तथा दो स्थानों पर अवैध रूप से बालू डंप एवं एक स्थान पर गिट्टी डंप किये गए मामले पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। सीओ निधि रजवार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। सीओ ने गाड़ी संख्या सीजी10डी 9135, सीजी10डी 0829, जेएच 20 सी 9582, जेएच08जे 3005, जेएच14 एफ 9880, यूपी 64 एजे 1995, जेएच14जे 4988 इन सात ट्रेक्टरों पर चालकों के द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर ट्रेक्टर मालिक एवं चालकों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। साथ ही सोनडीहा बाकी नदी बराज के पास अवैध रूप से दो स्थानों पर बालू डंप एवं एक स्थान पर गिट्टी डंप किये जाने पर सीओ ने अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। मालूम हो कि पिछले सोमवार को अंचधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान पिपरी कला बालू घाट का औचक निरीक्षण किया था। इसी क्रम में बालू का उठाव एवं परिवहन ट्रेक्टरों के द्वारा किया जा रहा था। बालू का उठाव पंचायत द्वारा निर्गत चलान के द्वारा किया जा रहा था। लेकिन अंचलाधिकारी द्वारा ट्रेक्टरों के संबंधित वैध दस्तावेज की मांग किये जाने पर प्रस्तुत नहीं करने पर सात ट्रेक्टरों को जब्त कर थाना को सौंप दिया गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी बुद्धराम सामद ने बताया कि सात ट्रेक्टरों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 9/23 एवं गिट्टी बालू भंडारण के विरुद्ध कांड संख्या 8/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बाकी नदी में अवैध खनन मामले में कार्रवाई नहीं होने से बालू माफियाओं का बढ़ा मनोबन

**बाकी नदी में अवैध खनन मामले में जोगिराल व दर गांव के बाकी नदी में अवैध रूप से डंप बालू के मामले पर नहीं हुई कोई कारवाई :** थाना क्षेत्र के जोगिराल व दर गांव के बाकी नदी में अवैध रूप से डंप बालू के मामले पर प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किये जाने से बालू माफियाओं का मनोबल बढ़ गया है। उक्त दोनों स्थानों पर बालू माफियाओं द्वारा नदी से बालू निकालकर नदी स्थल पर ही सैकड़ों ट्रैक्टर बालू निकाल कर रखा गया है। जोगीराल गाव स्थित बाकी नदी तट पर बनाए गए छठ घाट के अगल बगल से बालू माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर खनन कर बालू निकाला गया है जिसके कारण छठ घाट की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। माफियाओं द्वारा उक्त दोनों गावों में बाकी नदी से बालू निकालकर कई स्थानों पर बालू डंप किया गया है और रात के अंधेरे में बालू की उठाव कर परिवहन किया जा रहा है।

## समाजसेवी ने किया रक्तदान

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गढ़वा में इलाजरत वीरबंधा पंचायत के उरांव टोली के जुगुल राम को पंचायत के मुखिया पति अजय ठाकुर के सहयोग से समाजसेवी सौरभ ठाकुर ने एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त दान किया। मौके पर उपस्थित विकाश चंद्रवंशी, नवीन पासवान, अलख ठाकुर, लैब टेक्नीशियन रूपदेव कुमार, रामजी कुमार, ज्योति कुमारी, नेहा कुमारी आदि मौजूद थे।

## ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से आठ वर्षीय बच्ची झुलसी

**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के मुख्य मार्ग स्थित बस स्टैंड के समीप भारतीय स्टेट बैंक के सामने लगे ट्रांसफार्मर से गुरुवार की सुबह एक बड़ी हादसा होने से टल गई। स्टेट बैंक के सामने लगे ट्रांसफार्मर में मोरबे निवासी 8 वर्षीय बच्ची तन्नू कुमारी का हाथ बुरी तरह झुलस गयी। गनीमत यह रही कि उसे समय रहते वहां से रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया। जहां इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे खतरे से बाहर बताया है। ऐसे में एक सवाल यह है कि आखिर कब तक जनता इस तरह की घटनाओं का शिकार होते रहेगी और कब तक जनप्रतिनिधि और बिजली विभाग अपने कान में तेल डाल कर सोए रहेंगे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी अस्पताल पहुंच कर बच्ची की स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## तुलसीदामर माइंस अस्पताल ने किया सात दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सेल भवनाथपुर तुलसीदामर डोलोमाइट खदान समूह के सीएसआर विभाग के द्वारा माइंस अस्पताल के तत्वावधान में गुरुवार को 20वीं सात दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को इसका शुभारंभ सेल महाप्रबंधक मनोज कुमार व माइंस अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी विजय कुमार ने राम संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सेल जीएम मनोज कुमार ने कहा कि गरीब असहाय लोगों की आंखों की रौशनी लौटाना पूण्य का कार्य है। कहा कि जब तक भवनाथपुर सेल में रहेगा, यहां के लोगों के अपेक्षित सहयोग से प्रति वर्ष निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाई जायेगी। उन्होंने कहा कि इस बार भी छह सौ हो या एक हजार मरीज सभी का ऑपरेशन करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम का संचालन अस्पताल के अनिला मिंज व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एसजे कुल्लू ने किया। खान अस्पताल में आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में मरीजों का सफल ऑपरेशन साईं नेत्र मंदिर आई हॉस्पीटल कटक (उड़ीसा) के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा की जायेगी। इस मौके पर सीआईएसएफ के सहायक समादेष्टा मधुसूधन माहेश्वरी, राजेश कुमार, श्यामल गांगुली, बी. माहवार, अस्पताल कर्मी मुकेश दूबे, संपूणानंद मिश्रा, सरोज कुमारी, ओमप्रसुन, दिलीप बैठा, साईं नेत्र मंदिर कटक के चिकित्सक डॉ. मेघाज्योति पात्रा, प्रशांत, निरंजन सामंत रॉय, संजीव माहापात्रा, निरंजन सेठी आदि उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**ROAD DIVISION, GUMLA-835207,**
E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in

Letter No. - Gumla, Dated:-

**Corrigendum**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, गुमला अंतर्गत Widening/Strengthening to 2- lane of Chainpur-Mahuadarn upto Dumri Road (MDR-36) (Total Length-11.580km) job no - CRF-JHR-2022-23/57 कार्य की निविदा Date of Publication of Tender on Website **22.03.2023** के स्थान पर **05-04-2023** Last date/Time for receipt of bids - **20.04.2023** के स्थान पर **08.05.2023** एवं Date of Opening Of Technical Bid- **21.04.2023** के स्थान पर **09.05.2023** पढ़ा जाय । शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा। Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

**PR 292423 Road (22-23)*D**

Sd/-
Executive Engineer
R.C.D. Road Division Gumla

PR 293469 Road(22-23)D


**आस्था :** रामकथा के प्रथम दिन अयोध्या के संत ने रामायण एवं रामकथा के महात्म्य को बताया

# रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है : संत प्रपन्नाचार्य

**रामकथा जानते सब हैं लेकिन इसे जितनी बार सुना जाये उसमें कुछ न कुछ नयापन जरूर मिलता है : अलखनाथ पांडेय**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के हृदयस्थली गढ़देवी मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित नरगीर आश्रम में आयोजित आठ दिवसीय रामकथा के प्रथम दिन अयोध्या के संत पूज्य प्रपन्नाचार्य जी ने अपने प्रवचन में रामायण एवं रामकथा के महात्म्य, सत्संगति का लाभ एवं तुलसीदास द्वारा मानस के प्रारंभ में की गयी स्तुति के बारे में गहनता से बताया।

इस कलिकाल में रामकथा वह कुल्हाड़ी है जो कलुषता, विद्वेष, पापकर्म और दुर्भावना जैसे भाव को शीघ्रता से काटने में सक्षम है। इससे बुद्धि की शुद्धि होती है।

प्रपन्नाचार्य जी ने रामकथा को कल्पवृक्ष के समान सर्वफल प्रदायी बताया। रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है। इससे इंसान के पाप तो धुलते ही हैं, जीवन सुखमय हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज इंसान शारीरिक कष्ट के साथ ही पारिवारिक कष्ट से भी दुखी है। अगर मनुष्य रामायण का श्रवण कर उसमें निहित जीवन चरित्र रूपी दर्शन को अपने जीवन में उतारे तो बदलाव आ सकता है। संतों का आगमन सदा सबके लिए सुखकारी होता है। जैसे चंद्रमा उदय होकर रात्रि के अंधेरे को शीतलता पूर्वक दूर करता है वैसे ही संत प्राणियों की दुखों का हरण कर लेते हैं। राम सर्वव्यापक होने के नाते सबके हृदय में अगाध रूप से विराजमान हैं।

कथा के प्रथम दिन मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर रामकथा की शुरुआत की गयी। मुख्य अतिथि अलखनाथ नाथ पाण्डेय ने आज के संदर्भ में कथा की सार्थकता पर बात करते हुए कहा कि रामकथा जानते सब हैं लेकिन इसे जितनी बार सुना जाये उसमें कुछ न कुछ नयापन जरूर मिलता है। हरिकथा का कोई अंत नहीं है। राम जी सर्वव्यापक हैं।

इस अवसर पर रंका एसडीएम नारायण सिंह, नगरपालिका के कार्यपालक पदाधिकारी, सुरेश जायसवाल, मुरलीगुप्ता, पुष्प रंजन, वार्ड पार्षद विनोद कुमार, अवधेश कुशवाहा, द्वारिकनाथ पाण्डेय, अरुण दुबे, दिलीप पाठक, भूप्रसाद, मनीष कमलापुरी, भरत केशरी, रवींद्र पटेल, जयशंकर आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन नीतेश कुमार गुड्डू ने किया तथा अध्यक्षता और स्वागत भाषण चन्दन जायसवाल द्वारा किया गया।


**Office of the Civil Surgeon cum CMO, Ramgarh**
**(Health Department)**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित Selection of Vender to Oparate Pradhan Mantri Bhartoya Janaushadhi Kendra ( PMBJK) for Implementation of Pradhan Mantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojna (PMJAP) in District Hospita, Ramgarh and Two Community Health Center ( CHC Mandu and Gola ) in District Ramgarh of State of Jharkhand. जिसका PR 292241 Health Med Edu and Family Welfare (22-23)#D है को निम्नलिखित रुप से संशोधित किया जाता है।

| क0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid submission closing date | 01:00 PM on 25-03-2023 | 01:00 PM on 03-04-2023 |
| 2 | Bid opening date | 02:00 PM on 27-03-2023 | 03:00 PM on 05-04-2023 |

**शुल्क**

| क0 | विवरणी | शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | Bid Security ( Non Refundable) की राशि जो District Rural Health Society, Ramgarh Payble at Ramgarh के नाम से देय होगा। केवल बैक डी डी मान्य। | 5,000.00 (Five Thousand Rupees Only) |
| 2 | Bid Security ( Refundable) की राशि जो District Rural Health Society, Ramgarh Payble at Ramgarh के नाम से देय होगा। केवल बैक डी डी मान्य। | Rs. 35,000.00 (Thirty Five Thousand Rupees Only) for the District Hospital and Rs. 20,000 ( Twenty Thousand) Only for Each of the Community Health Centre |

नोट :– शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगें।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.293447 Health Med Edu and Family Welfare(22-23):D

## गरिमा के साथ मौत

मौत की सजा पर अमल का सबसे अच्छा तरीका क्या हो सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मंगलवार को इस सवाल पर चर्चा कराने को कहकर ऐसी बहस शुरू कर दी, जिसकी सभ्य समाज में हमेशा जरूरत रहती है। वैसे, यह एक जटिल मसला इस तरह से भी है कि मौत की सजा का तरीका तय करना न्यायपालिका की नहीं, विधायिका की जवाबदेही मानी जाती है। शायद, इसीलिए शीर्ष अदालत ने भी साफ किया कि वह इस मामले में कोई आदेश नहीं जारी करने जा रही कि मौत की सजा का कौन सा तरीका तय किया जाये। लेकिन यह सवाल उसके सामने आ गया है, इसलिए यह देखना जरूरी है कि मौत की सजा देने का मौजूदा तरीका कानून और संविधान की कसौटियों पर खरा उतरता है या नहीं। गले से लटका कर फांसी देने के मौजूदा तरीके को सुप्रीम कोर्ट ने पिछली बार 1983 में सही बताया था, लेकिन तब से विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में जितनी प्रगति हो चुकी है, उसके मद्देनजर इस सवाल पर फिर से विचार करना बनता है। दुनिया के अन्य देशों की स्थिति पर नजर डालें तो उधर से भी इस जरूरत की पुष्टि होती है। बल्कि, बहस तो इस बात पर भी है कि मौत की सजा होनी ही क्यों चाहिए।

**गले से लटका कर फांसी देने के मौजूदा तरीके को सुप्रीम कोर्ट ने पिछली बार 1983 में सही बताया था, लेकिन तब से विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में जितनी प्रगति हो चुकी है, उसके मद्देनजर इस सवाल पर फिर से विचार करना बनता है।**

दुनिया के ज्यादातर देश इससे तौबा कर चुके हैं। तर्क यह है कि सजा का मकसद अपराधी को तकलीफ देना नहीं, सुधार का मौका मुहैया कराना होना चाहिए। अगर किसी अपराधी में सुधार की उम्मीद नहीं दिख रही हो और उसके समाज में रहने से अन्य लोगों को खतरा हो, तो उसे उसकी जिंदगी के अंतिम पल तक कैद में रखा जा सकता है। बहरहाल, हर देश और समाज अपने हिसाब से तय करता है कि मौत की सजा रखी जाये या नहीं। अपने देश में भी यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामलों में ही दी जाती है, लेकिन जिन मामलों में भी सजा दी जाये, उनमें इस तरह से दी जाये कि मानवीय गरिमा का किसी भी रूप में उल्लंघन न हो। सुप्रीम कोर्ट की ताजा पहल ने हमारे न्यायतंत्र में निहित इस कसौटी की अनिवार्यता को एक बार फिर रेखांकित किया है। इसका नतीजा चाहे जो भी हो- तमाम पहलुओं से अध्ययन के बाद फांसी की मौजूदा प्रक्रिया को सबसे कम तकलीफदेह माना जाये या फिर किसी अन्य उपाय को- मृत्यु की गरिमा के सिद्धांत की पुष्टि होनी तय है। अगर किसी अन्य उपाय को बेहतर पाया जाता है, तो मौजूदा तरीका असंवैधानिक घोषित हो जायेगा। उसके बाद विधायिका नये तरीके की पुष्टि कर सकती है। आज के दौर में जब अपने देश में, कई कारणों से, अपराधियों का सीधे एनकाउंटर कर देने का विमर्श जोर पकड़ता दिख रहा है, उम्मीद की जाये कि शीर्ष अदालत की यह पहल हमें इंसाफ की कसौटियों को लेकर ज्यादा जागरूक बनायेगी।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला त्योहार सरहुल प्रकृति से संबंधित पर्व है। मुख्यतः यह फूलों का त्योहार है। पतझड़ ऋतु के कारण इस मौसम में ह्यपेंडों की टहनियों पर नये-नये पत्ते एवं फूल खिलते हैं। इस पर्व में साल के पेड़ों पर खिलने वाला फूलों का विशेष महत्व है। मुख्यतः यह पर्व चार दिनों तक मनाया जाता है।**

## आदिवासियों का प्रकृति पर्व सरहुल

**महेंद्र प्रसाद दांगी**

प्रकृति पर्व सरहुल आदिवासियों का वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला है एक प्रमुख पर्व है। पतझड़ के बाद पेड़-पौधे की टहनियों पर हरी-हरी पत्तियां जब निकलने लगती है। आम के मंजर तथा सखुआ और महुआ के फुल से जब पूरा वातावरण सुगंधित हो जाता है। तब मनाया जाता है आदिवासियों का प्रमुख प्रकृति पर्व सरहुल।

यह पर्व प्रत्येक वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष के तृतीय से शुरू होकर चैत्र पूर्णिमा के दिन संपन्न होता है। इस पर्व में साल अर्थात सखुआ के वृक्ष का विशेष महत्व है। आदिवासियों की परंपरा के अनुसार इस पर्व के बाद ही नयी फसल (रबि) विशेषकर गेहूं की कटाई आरंभ की जाती है। इसी पर्व के साथ आदिवासियों का शुरू होता है नव वर्ष।

### सरहुल का अर्थ

सरहुल दो शब्दों से मिल कर बना है सर और हुल। यहां सर का अर्थ सरई अर्थात सखुआ (साल पेंड़) के फूल/फल से होता है। जबकि हुल का अर्थ क्रांति से है। इस प्रकार सखुआ के फूलों की क्रांति को सरहुल के नाम से जाना जाता है।

### सरहुल पर्व कब मनाया जाता है

**प्रकृति पर्व सरहुल वसंत ऋतु में मनाये जाने वाला आदिवासियों का प्रमुख त्योहार है।**

प्रकृति पर्व सरहुल वसंत ऋतु में मनाये जाने वाला आदिवासियों का प्रमुख त्योहार है। वसंत ऋतु में जब पेड़ पतझड़ में अपनी पुरानी पतियों को गिरा कर टहनियों पर नई-नई पत्तियां लाने लगती है, तब सरहुल का पर्व मनाया जाता है।

यह पर्व मुख्यतः चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के तृतीय से शुरू होता है और चैत्र पूर्णिमा को समाप्त होता है। अंग्रेजी माह के अनुसार यह पर्व अप्रैल में मुख्य रूप से मनाया जाता है। कभी-कभी यह पर्व मार्च के अंतिम सप्ताह में भी आता है। सरहुल मुख्यतः आदिवासियों द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रकृति पर्व है। यह त्योहार झारखंड में प्रमुखता से मनाया जाता है। इसके अलावा मध्य प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल में भी आदिवासी बहुल क्षेत्रों में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व में पूजा के अतिरिक्त नृत्य के साथ गायन का प्रचलन है।



**सरहुल पर्व से जुड़ी कई किवदंती या प्रचलित है। उनमें से महाभारत से जुड़ी एक कथा है। इस कथा के अनुसार जब महाभारत का युद्ध चल रहा था, तब आदिवासियों ने युद्ध में कौरवों का साथ दिया था। जिस कारण कई मुंडा सरदार पांडवों के हाथों मारे गये थे। इसलिए उनके शवों को पहचानने के लिए उनके शरीर को साल के वृक्षों के पत्तों और शाखाओं से ढका गया था।**

### सरहुल पर्व मनाने की क्या है प्रक्रिया

वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला त्योहार सरहुल प्रकृति से संबंधित पर्व है। मुख्यतः यह फूलों का त्योहार है। पतझड़ ऋतु के कारण इस मौसम में ह्यपेंडों की टहनियों पर नये-नये पत्ते एवं फूल खिलते हैं। इस पर्व में साल के पेड़ों पर खिलने वाला फूलों का विशेष महत्व है। मुख्यतः यह पर्व चार दिनों तक मनाया जाता है। जिसकी शुरुआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया से होती है। सरहुल पर्व के पहले दिन मछली के अभिषेक किए हुए जल को घर में छिड़का जाता है।

दूसरे दिन उपवास रखा जाता है। तथा गांव का पुजारी जिसे पाहन के नाम से जाना जाता है। हर घर की छत पर साल के फूल को रखता है।

तीसरे दिन पाहन द्वारा उपवास रखा जाता है तथा सरना (पूजा स्थल) पर सरई के फूलों (सखुए के फूल का गुच्छा अर्थात कुंज) की पूजा की जाती है। साथ ही मुर्गी की बलि दी जाती है तथा चावल और बलि की मुर्गी का मांस मिलाकर सुंडी नामक खिचड़ी बनायी जाती है। जिसे प्रसाद के रूप में गांव में वितरण किया जाता है।

चौथे दिन गिड़िवा नामक स्थान पर सरहुल फूल का विसर्जन किया जाता है। एक परंपरा के अनुसार इस पर्व के दौरान गांव का पुजारी जिसे पाहन के नाम से जानते हैं। मिट्टी के तीन पात्र लेता है और उसे ताजे पानी से भरता है।

अगले दिन प्रातः पाहन मिट्टी के तीनों पात्रों को देखता है। यदि पात्रों से पानी का स्तर घट गया है तो वह ह्यअकालह्य की भविष्यवाणी करता है। और यदि पानी का स्तर सामान्य रहा तो उसे ह्यउत्तम वर्षाह्य का संकेत माना जाता है। सरहुल पूजा के दौरान ग्रामीणों द्वारा सरना स्थल (पूजा स्थल) को घेरा जाता है।

### सफेद में लाल पाड़वाली साड़ी का महत्व

सरहुल में एक वाक्य प्रचलन में है- नाची से बांची अर्थात जो नाचेगा वही बचेगा। ऐसी मान्यता है कि आदिवासियों का नृत्य ही संस्कृति है। इस पर्व में झारखंड और अन्य राज्यों में जहां यह पर्व मनाया जाता है जगह-जगह नृत्य किया जाता है। महिलाएं सफेद में लाल पाढ़ वाली साड़ी पहनती है और नृत्य करती है। सफेद पवित्रता और शालीनता का प्रतीक है। जबकि लाल संघर्ष का। सफेद सिंगबोंगा तथा लाल बुरूंबोंगा का प्रतीक माना जाता है, इसलिए सरना झंडा में सफेद और लाल रंग होता है।

### सरहुल में केकड़ा पकड़ने का महत्व

सरहुल पूजा में केकड़ा का विशेष महत्व है। पुजारी जिसे पाहन के नाम से पुकारते हैं। उपवास रख केकड़ा पकड़ता है। केकड़े को पूजा घर में अरवा धागा से बांधकर टांग दिया जाता है। जब धान की बुआई की जाती है तब इसका चूर्ण बनाकर गोबर में मिलाकर धान के साथ बोआ जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिस तरह केकड़े के असंख्य बच्चे होते हैं, उसी तरह धान की बालियां भी असंख्य होगी। इसीलिए सरहुल पूजा में केकड़े का भी विशेष महत्व है।

### सरहुल से जुड़ी प्राचीन कथा

सरहुल पर्व से जुड़ी कई किवदंती या प्रचलित है। उनमें से महाभारत से जुड़ी एक कथा है। इस कथा के अनुसार जब महाभारत का युद्ध चल रहा था, तब आदिवासियों ने युद्ध में कौरवों का साथ दिया था। जिस कारण कई मुंडा सरदार पांडवों के हाथों मारे गये थे। इसलिए उनके शवों को पहचानने के लिए उनके शरीर को साल के वृक्षों के पत्तों और शाखाओं से ढका गया था। इस युद्ध में ऐसा देखा गया कि जो शव साल के पत्तों से ढका गया था। वे शव सड़ने से बच गए थे और ठीक थे, पर जो दूसरे पत्तों या अन्य चीजों से ढ़के गये थे, वे शव सड़ गये थे। ऐसा माना जाता है कि इसके बाद आदिवासियों का विश्वास साल के पेड़ों और पत्तों पर बढ़ गया होगा। जो

## जमशेदपुर की खबरें

### झारखंड हिंदुस्तान का प्रगतिशील राज्य बनेगा: नितिन गडकरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को दिल्ली से वायु मार्ग से सोनारी एयरपोर्ट पहुंचे। जहा एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच परिसदन लाया गया। गुरुवार को थोड़ी देर आराम करने के बाद परिवहन मंत्री बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान पहुंचे। गोपाल मैदान में उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद बिद्युत महतो शामिल हुए। इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने सभी अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही उन्होंने बटन दबाकर डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर समेत 10 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर केंद्रीय




मंत्री नितिन गडकरी ने कहा आने वाले सालों में केंद्र सरकार झारखंड में दो लाख करोड़ से ज्यादा की सड़कें बनायेगी। उन्होंने कहा झारखंड हिंदुस्तान का प्रगतिशील राज्य बनेगा। उन्होंने कहा झारखंड का जमशेदपुर शहर बहुत विकसित शहर है। यहां देश का पहला डबल डेकर एलिवेटड कॉरिडोर बनने जा रहा है। इससे झारखंड समेत जमशेदपुर के विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा, एनएचएआई के टेक्निकल मेंबर महादेव सिंह, एनएचएआइ के चीफ जेनरल मैनेजर, सीजेएम एसके मिश्रा, एएस कपूर, स्वर्णरेखा प्रोजेक्ट के चीफ इंजीनियर एके दास सहित सैकड़ो भाजपा नेता एवं आम जनता शामिल रहे।

### चाकुलिया में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को किया जागरूक



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** चाकुलिया रेलवे स्टेशन के पास सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर झारखंड की ओर से पथ कम्युनिकेशन के कलाकारों ने झारखंड सरकार के विभिन्न योजनाओं के प्रति प्रचार प्रसार के लिए मेला सह नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न योजनायें जैसे रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, हरा राशन कार्ड, सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना, सुखार योजना जैसे कई और योजनाओं के बारे में मेला सह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने ग्रामीणों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में कलाकार के तौर पर रुपेश प्रसाद, नीतीश राय, सुषमा प्रमाणिक, सत्यम सिंह, सुमन सौरभ और अनु कुमारी थे। कार्यक्रम का उद्घाटन चाकुलिया प्रखंड की अध्यक्ष संध्या रानी सरदार और सिटी मैनेजर मोनिस सलाम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

### जयराम महतो की गिरफ्तारी के विरोध में झारखंडी खतियानी भाषा संघर्ष समिति ने किया सड़क जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांड्रा।** गुरुवार की शाम टाइगर जयराम महतो की रिहाई को लेकर कांड्रा मोड़ को सैकड़ों की संख्या में झारखंडी खतियानी भाषा संघर्ष समिति के लोगों ने जाम कर दिया। जिससे सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन इस जाम में फंस गये। वही स्थानीय पुलिस ने लोगों से जाम खोलने की अपील की लेकिन कोई भी टस से मस नहीं हुए। वही लोगों ने हेमंत सोरेन का पुतला दहन करते हुए चारों तरफ टायर जलाकर सड़क को दोनों ओर बाधित कर दिया। आपको बताते चलें कि गुरुवार को रांची में नियोजन नीति के विरोध में विधानसभा घेराव करने पहुंचे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। जवाबी कार्रवाई करते हुए छात्रों ने भी पुलिस पर पथराव



किया था। जिसके बाद छात्र नेता टाइगर जयराम महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि छात्र 60- 40 के नियोजन नीति को लेकर विरोध जता रहे हैं। इसी कड़ी में छात्र गुरुवार को विधानसभा घेराव करने जुटे थे। जहां पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसपर छात्र आक्रोशित हो उठे। जहां छात्रों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ी इसके जवाब में छात्रों ने भी पुलिस पर पत्थर बरसाये। फिलहाल सड़क जाम पर बैठे कुड़मी समाज के लोगों से पुलिस जाम हटाने की अपील कर रही है।

### प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां का चुनाव 2 अप्रैल को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला जिले के एकमात्र मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। गुरुवार को क्लब के प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर प्रशासन की देखरेख में चुनाव कराए जाने की मांग रखी। इस पर उपायुक्त ने आगामी 2 अप्रैल को चुनाव कराये जाने पर अपनी सहमति दे दी। उपायुक्त ने इसको लेकर पर्यवेक्षक एवं पुलिसकर्मियों की तैनाती करने का निर्देश दे दिया है। विदित हो कि बुधवार को वर्तमान कमेटी भंग होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब सबकी निगाहें चुनाव पर



केंद्रित हो गयी है। इधर चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही अध्यक्ष पद को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। निवर्तमान अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत ने इस बार चुनाव में नए चेहरे को आगे आने की इच्छा जाहिर की है, हालांकि इसकी संभावना कम है। क्लब के चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष सह संरक्षक संतोष कुमार ने बताया कि द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां का वर्तमान कार्यकाल बेहद चुनौतीपूर्ण एवं उपलब्धियों भरा रहा। आगामी सत्र 2023- 25 के लिए आचार संहिता लागू हो गई है। जिला प्रशासन की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया जायेगा। 31 मार्च तक सदस्यता अभियान चल रहा है। 1 अप्रैल को उपायुक्त को सदस्यों की सूची उपलब्ध करायी जायेगी। 2 अप्रैल को सूचना भवन सरायकेला में मतदान होगा। 8 अप्रैल को आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जायेगा, उपायुक्त नयी कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करायेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य के सभी प्रेस क्लब के अध्यक्षों को आमंत्रित किया जायेगा।

#### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत, महासचिव रमजान अंसारी, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार मेहता, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष सह संरक्षक संतोष कुमार, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी नवीन प्रधान, सुमित सिंह कुणाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

### रख-रखाव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अरवा राजकमल ने गुरुवार को सामुदायिक भवन सरायकेला स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया. साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया. कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए उपायुक्त ने विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए. उपायुक्त ने कहा लोकतंत्र में इवीएम की विश्वसनीयता में किसी भी प्रकार का संदेह न रहे, इस निमित्त वेयर हाउस जहां इवीएम रखी जाती है, समय-समय पर उसकी रख-रखाव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।



# गुमला जिला युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका



**राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से घबरा गई है मोदी सरकार : आजाद अंसारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कोर्ट द्वारा राहुल पर किए निर्णय के खिलाफ गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में टॉवर चौक गुमला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि मोदी सरकार राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा से घबरा गयी है। राहुल गांधी निर्दोष साबित होंगे और मोदी के हर हथकंडा का मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। राहुल गांधी अडानी मुद्दे पर जांच की मांग कर रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार जांच नहीं कराकर उनको परेशान करने का काम कर रही है। जिसको युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। आजाद अंसारी ने कहा राहुल गांधी को डराना आसान काम नहीं है। मोदी द्वारा अपने मित्र अडानी को बचाने की सारी कोशिशें नाकाम होंगी। मौके पर प्रदेश सचिव अकील रहमान, जिला उपाध्यक्ष अरविंद साहू, सादाब आलम, विधानसभा अध्यक्ष नीलेश उरांव, जिला महासचिव जय सिंह, बसंत उरांव, मीना देवी, मोहम्मद शाहिद, मो. मुख्तार आलम, मो. फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, राजू महतो, जितेंद्र कुमार, विष्णु राम, मोहम्मद इनायत, मोहम्मद रफी, सगीर आलम, गोंदरा उरांव, आदित्य मिंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सरहुल एवं रामनवमी के मद्देनजर एसपी ने सुरक्षा उपकरणों का किया निरीक्षण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारीब ने सरहुल एवं रामनवमी को देखते हुए पुलिस केंद्र में सभी सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया। साथ ही थाना एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में भी उपलब्ध सुरक्षा उपकरणों का जायजा लिया। एसपी द्वारा सरहुल एवं रामनवमी की विधि व्यवस्था में काफी संख्या में बलों को लगाया जा रहा है। इसे दिखते हुए सभी जवानों एवं पदाधिकारियों के पास सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एसपी ने सार्जेंट मेजर को निर्देशित किया है। साथ ही रामनवमी के पूर्व सभी थानों को अपने सुरक्षा उपकरणों को अच्छे से तैयारी हालत में रखने का निर्देश दिया गया। ताकि आवश्यकता पड़ने पर इसका समुचित प्रयोग किया जा सके। इसके अतिरिक्त रामनवमी के पूर्व बड़े पैमाने पर दंगा रोधी ड्रिल करवाने का निर्देश भी सार्जेंट मेजर को दिया गया।

# अधिवक्ता स्व. स्वरूप बाबू को भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि सभा कर किया श्रद्धा सुमन अर्पित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा के सदस्यों ने स्व. स्वरूप बाबू के लिए श्रद्धांजलि सभा का अयोजन किया। वरिष्ठ जनसंघ काल के नेता एवं गुमला बार एसोसिएशन के पांच बार के अध्यक्ष स्वरूप बाबू के हृदय गति रुक जाने से 21 मार्च को देहांत हो गया। भारतीय जनसंघ काल के नेता एवं एकात्म मानववाद सिद्धांत के प्रबल समर्थक और भाजपा स्थापना काल में गुमला के प्रथम अध्यक्ष रहे स्वरूप कुमार के निधन पर इस शोक-सभा का आयोजन किया गया था। जिसमे मुख्य रूप से जिला,, पूर्व विधायक कमलेश उराव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ,महामंत्री सतनारायण पटेल, निर्मल गोयल, भूपन साहू , दामोदर कसेरा , कौशलेंद्र जम्मूआर, शंभू , मीरा, ज्योति कुमारी, संजय वर्मा, दिनेश सिंह, सेल मिश्रा, कुशवाहा गुमला नगर मंडल के अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह ,जगनारायण सिंह बाल किसुन सिंह, हरि शंकर त्रिपाठी, सुरेश सिंह, दिनेश्वर साहू, दिनेश सिंह हरिचरण पंडित साहित कई भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहीद दिवस : जिला सूचना भवन सभागार में शहीदों के सम्मान में हुआ आयोजन

# जिले के मीडिया कर्मियों ने अमर शहीदों को किया नमन

**शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरू व शहीद सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को किया याद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुरुवार को शहीद दिवस के अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रमुख मीडिया कर्मियों ने भाग लिया। शहादत दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद-ए-आजम भगत सिंह सहित तीनों अमर शहीदों के संयुक्त चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण करते हुए की गई। तदुपरांत तबला और हारमोनियम के साथ राम नरेश प्रजापति एवं ताशा झा के द्वारा एक देशभक्ति गीत के माध्यम से उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को नगर परिषद के अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, लोक अभियोजक अनिल कुमार पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार, जिला प्रेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संबोधित करते हुए शहीद भगत सिंह एवं उनके साथियों का देश की आजादी में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के लिए कई वीर सपूतों ने अपने प्राणों की कुर्बानी के रूप में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। जिनमें भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे महानायक सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से हैं। दुर्जय पासवान ने कहा कि सरदार भगत सिंह जैसे आदर्श हमें प्रेरणा देते हैं कि हम स्वयं और स्वयं के परिवार से ऊपर उठकर भी सोचें तथा देश और समाज के लिए अपना योगदान दें। अमरनाथ कश्यप ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत की सैद्धांतिक खिलाफत करते हुए इन लोगों ने सेंट्रल असेंबली में बम फेंके थे। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और फांसी की सजा सुनाई गई। उनकी फांसी के लिए 24 मार्च की तिथि मुकर्रर की गई थी। लेकिन अंग्रेजी हुकूमत ने एक दिन पहले ही 23 मार्च 1931 को फांसी पर चढ़ा दिया। कहा कि यह अंग्रेजी सरकार का डर था जो उन्हें आनन-फानन में फांसी देनी पड़ी। बलदेव शर्मा, नरेश जायसवाल तथा सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों की कुर्बानी को देश कभी नहीं भूलेगा। कहा कि हम सभी को उनके आदर्शों पर चलना होगा।

इस दौरान संतोष कुमार, अश्वनी कुमार दास, अलीना दास, स्वाति तिर्की, किशोर कुमार जायसवाल, रुपेश भगत, दीपक राम, शशांक सोनी, अनिल कुमार सिंह, अनंत कुमार, सोनाली त्रिपाठी, राम लखन, दिवाकर, मोहम्मद फिरोज आदि मौजूद थे।

### शहर में जल्द ही स्थापित होगी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा

लोक अभियोजक अनिल कुमार पांडेये ने कहा कि यदि हम शहीदों के सिद्धांतों को अपने आचरण में ढालें तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर मौजूद जिले के मीडिया कर्मियों ने सुझाव रखा कि शहर में शहीद भगत सिंह का स्मारक होना चाहिए, जिस पर नगर परिषद के अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने कहा कि उपरोक्त मांग को अगली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा और उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि शहर में शहीद भगत सिंह का स्मारक बने।

# राहुल गांधी को सजा सुनाये जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**कहा- केंद्र की मोदी सरकार विभिन्न प्रकार के हथकंडा अपनाकर कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने में लगी हुई है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी गुमला के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन मोहम्मद खालिद के नेतृत्व में किया गया। मो. खालिद ने कहा कि देश में अंधेर नगरी चौपट राज है। जब कांग्रेस के इतने बड़े नेता के साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है तो इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार अभी से ही घबरा गयी है और वह विभिन्न प्रकार के हथकंडा अपनाकर कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने में लगी हुई है। लेकिन पूरे भारत की जनता को मालूम हो चुका है कि कांग्रेस पार्टी सच्चाई का आईना है और भाजपा को आईना दिखाने का काम कर रही है। जैसे नोटबंदी, जीएसटी, सरकारी संपत्तियों को बेचे जाने का, अडानी अंबानी जैसे पूंजीपतियों के द्वारा देश को लूटे जाने का विरोध किया है, तब यह बौखला कर इस तरह की हरकत कर रही है। रामनिवास ने कहा कि मोदी सरकार चोरों की सरकार है। सरकार द्वारा नीरव मोदी, ललित मोदी, चॉप्सी विजय माल्या, अडानी जैसे पूंजीपतियों को संरक्षण दिया है। मोहम्मद शाहिद ने कहा कि 2024 में मोदी को उनके किए गए की सजा दी जाएगी। इस सरकार का पूरे भारत सहित हम गुमला वासी भी विरोध करते हैं।

इस अवसर पर मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद मुख्तार आलम, मोहम्मद फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, राजू महतो, जितेंद्र कुमार, विष्णु राम, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद इनायत, मोहम्मद रफी आदि उपस्थित थे।

# सिसई एवं कामडारा प्रखंड में पब्लिक हेल्थ यूनिट की मिली स्वीकृति

**जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा निर्माण कार्य : उपायुक्त**

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 की वित्तीय स्थिति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की डीपीएम सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। जिले के कामडारा एवं सिसई प्रखंड में पब्लिक हेल्थ यूनिट बनाने हेतु प्रस्ताव राज्य को भेजी गई थी जिसकी स्वीकृति राज्य से प्राप्त हो गई है। जिसपर बैठक में पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण के संबंध में चर्चा की गई। उपायुक्त ने इस वर्ष के अंत तक भवन निर्माण का कार्य पूर्ण करने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया। दोनों हेल्थ यूनिट में पब्लिक हेल्थ लैब एवं एमआईएस यूनिट भी रहेगी। वहीं उपायुक्त द्वारा एक्स-रे मशीन का अधिष्ठापन किये जाने पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने दोनो ही पब्लिक हेल्थ यूनिट में आवश्यक उपकरणों की सूची तैयार करने का भी निर्देश दिया।

इसके अलावा उपायुक्त ने एनएचएम अंतर्गत बचे हुए राशि का शत प्रतिशत उपयोग 31 मार्च से पूर्व करने का निर्देश दिया।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया बाजार के समीप स्कॉर्पियो और अपाची बाइक की सीधी भिड़ंत में हापामुनि निवासी बाइक सवार 25 वर्षीय उमेश उरांव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी व एसआई अभिषेक कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे, जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के तुरंत बाद स्कार्पियो सवार दो लोग अपने वाहन को छोड़कर भाग निकले। घटना के संबंध में एसआई अभिषेक कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव एवं दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

# वनकर्मियों ने जंगली भालू को कुएं से निकालकर जंगल में छोड़ा

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत तपकारा पंचायत के तपकारा खास गांव में बधुवार रात एक जंगली भालू कुआं में गिर गया। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने पालकोट वन विभाग को दी। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए वनपाल कृष्णा महतो ने टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर उक्त जंगली भालू को बड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर सीढ़ी की मदद से सुरक्षित बाहर निकालकर वहीं पास के जंगल में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू टीम में वनपाल कृष्णा महतो, वनरक्षी संदीप कुमार, ट्रेकर राधेश्याम साहू, प्रभात प्रजापति, मनोज लोहरा, सुरेश महतो, दीपक सिंह, अमृत केरकेट्टा, तारक ठाकुर, कीस्टो कर्मकार, कोमल ठाकुर, मुकेश बैठा, अमित लोहरा एवं ग्रमीण शामिल थे।

# पेड़ में फांसी लगा कर ग्रामीण ने की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के फोरी तिगरा गांव निवासी घूरन उरांव ने घर से कुछ दूर स्थित पोडको टोंगरी में एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है घटना गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे की है। घटना की सूचना पर दिन के करीब 9:30 बजे गुमला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ में लटक रहे शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया।

## कार्यक्रम : जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# बेहतरीन कार्य करनेवाली सहियाओं को किया गया सम्मानित

**चिकित्सकों का स्वरूप होती हैं सहिया : डीडीसी**

**ग्राम स्तरों पर सहियाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : एसडीओ सदर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुरुवार को बख्तर साय इंडोर स्टेडियम गुमला में जिला स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन में सैंकड़ों की संख्या में जिले भर की सभी सहियाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त हेमंत सती एवं एसडीओ सदर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल के बाहर लगे स्वास्थ्य शिविरका भी उप विकास आयुक्त एवं एसडीओ सदर द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 15 स्टॉल लगाये गये थे, जहां स्वास्थ्य की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया। कैंप में सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप करवाया एवं ब्लड डोनेट किया। सहिया सम्मेलन में साल भर में सहियाओं द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गये कार्यों पर चर्चा की गयी। वहीं साल भर में बेहतरीन कार्य करने वाले सहियाओं को डीडीसी एवं उपस्थित वरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें 55 सहियाओं को सम्मानित किया गया।

**चिकित्सकों का स्वरूप होती हैं सहिया :** कार्यक्रम में उपस्थित उप विकास आयुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सहिया डॉक्टर्स का स्वरूप होती हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में जहां डॉक्टरों का पहुंच पाना मुश्किल होता है वहां सबसे पहले सहिया पहुंच कर प्राथमिक उपचार देकर मरीजों को ठीक करने का काम करती हैं। उन्होंने सभी सहियाओं से इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।

**ग्राम स्तर पर सहियाओं की भूमिका महत्वपूर्ण :** कार्यक्रम में उपस्थित एसडीओ सदर रवि जैन ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में साहियाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने सभी सहियाओं द्वारा किए गए कार्यों के लिए उनकी सराहना की एवं इसी प्रकार से स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा सभी को देने की बात कही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन, एसीएमओ, स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मी सहित सैंकड़ों की संख्या में सहियाओं की उपस्थिति रही।

### सहिया परीक्षा का किया गया आयोजन

कार्यक्रम के पश्चात सभी सहियाओं के बीच सहिया परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर की सभी सहियाओं ने भाग लिया। ऑनलाइन परीक्षा में स्वास्थ्य संबंधित विषयों पर सवाल पूछे गए। परीक्षा के पश्चात कुछ दिनों में सहियाओं की लिखित परीक्षा भी ली जाएगी। परीक्षा में पास होने वाली सहियाओं को सर्टिफिकेट एवं 5000 रुपये की राशि दी जाएगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# रामनवमी एवं सरहुल को लेकर सुरसांग थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुरसांग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बीडीओ अमित कुमार मिश्रा और चैनपुर इंस्पेक्टर बैजू उरांव की संयुक्त अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। जिसमें रामनवमी और सरहुल पर्व सौहार्दपूर्ण और मिल जुलकर मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख ममता सोरेंग, थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान, मुखिया आशा सुचिता एक्का, मार्था एक्का, सच्चिदानंद पंडा, अनूप बाड़ा, बहादुर सिंह, अनुराधा देवी, पवन साहू, मोक्तार शाह और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# डुमरी के खेतली ग्राम में हिंदू नववर्ष एवं राम जन्मोत्सव कार्यक्रम 25 को

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी प्रखंड के खेतली ग्राम में शनिवार को हिंदू नववर्ष सह राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि 25 मार्च दिन शनिवार को खेतली ग्राम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति के तत्वावधान में हिन्दू नववर्ष सह राम जनमोत्सव के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर राज परिवार के विक्रमादित्य सिंह जूदेव एवं विशिष्ठ अतिथि रंगनाथ महतो, केशवचंद्र साय एवं विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी रहेंगे। जहां प्रातः 7:00 बजे से कलशयात्रा, 9:30 बजे से विधिवत पूजा अर्चना एवं 12:30 बजे से सरना सनातन धर्मियों की बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें क्षेत्र के सभी सनातन धर्मियों से भाग लेने की अपील की गयी है।

# हाथी के हमले में युवती की मौत पर वन विभाग ने परिजन को दी मुआवजा राशि

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेसराग निवासी शकुंतला कुमारी को पिछले फरवरी माह में जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला था। जिसके एवज में उसके परिजनों को वन विभाग के द्वारा चार लाख रु. की मुआवजा राशि दी गयी। इस संबंध में फॉरेस्टर जया उरांव ने बताया कि पिछले 19 फरवरी को जंगली हाथियों का झुंड कुडू थाना क्षेत्र के कंसपुर गांव पहुंचा था। जहां शकुंतला अपने गांव से मेहमान गयी हुयी थी। उसी दौरान हाथियों के झुंड ने शकुंतला को कुचल कर मार डाला था। जिसके बाद वन विभाग के द्वारा कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसकी माता पार्वती देवी को स्थानीय मुखिया बसनू उरांव के समक्ष गुरुवार को चार लाख की मुआवजा राशि दी गयी।

# बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी धर्मनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से सदर गुमला अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर एवं नाक कान गला रोग डॉ श्वेता कुमारी हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रेमचंद कुमार भगत के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए दिव्यांग जनों की जांच की गई। डॉ अनुपम ने बताया कि आज शिविर में पहुंचे चलने फिरने में दिक्कतों का सामना कर रहे 100 एवं मूक बधिर से संबंधित 15 लोगों की जांच की गयी है। जांच के बाद चयनित सभी दिव्यांगों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस मौके पर गुमला से पहुंचे सहयोगी कर्मी ललिता मिंज, बिनीता असुर, राकेश कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कई कर्मी सहित दिव्यांगता जांच के लिए क्षेत्र से पहुंचे कई लोग उपस्थित थे।

# भरनो एवं करंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित




**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना भवन के सभागार में गुरुवार को सरहुल, रामनवमी और माहे रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ तेज कुमार हस्सा, सीओ संजीव कुमार और एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल के द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। वहीं दूसरी ओर करंज थाना में भी थाना प्रभारी आशीष भारती की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक की। मौके पर एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने लोगों से सरहुल और रामनवमी जुलूस में शराब पीकर शामिल नहीं होने की अपील करते हुए अफवाह से बचने की बात कही। साथ ही कहा कि किसी तरह का विवाद होने पर फौरन पुलिस प्रसासन को सूचना दें। बैठक में प्रमुख पारसनाथ उरांव, बीडीओ तेज कुमार हस्सा, सीओ संजीव कुमार, इंस्पेक्टर एसएन मण्डल और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी ने भी विचार व्यक्त किये। मौके पर उपप्रमुख बबिता तिर्की, मुखिया मंजू देवी, रश्मि लकड़ा, सुकेश उरांव, जयराम उरांव, सुशील उरांव, भोला प्रसाद केशरी, चन्द्रशेखर उरांव, कपिल गोप, नबी फरास, सन्तोष पंडा, बिरसा उरांव, मुकेश उरांव, जुगल उरांव, बसन्त उरांव, संजय गुप्ता, मनोहर लाल केशरी, सकीम अंसारी, जहांगीर आलम,सोबराती अंसारी,विनय पांडा,संजय जयसवाल, सत्ते साहू,शिव सिंह, विंदेश्वर सिंह, शिवचरण बरला,शंकर उरांव, आयता उरांव समेत काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# शराब पीने के लिए 20 रुपये नहीं मिलने पर की थी बुजुर्ग महिला की हत्या, आरोपी भेजा गया जेल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला केकमरा की मुखिया लवली तिर्की की सास मोनिका बरला की सोमवार की दोपहर बड़ी बेरहमी से पत्थर से कुछ कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शक के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था। वहीं मंगलवार को कड़ाई से पूछताछ में सतीश टुकड़ों नामक व्यक्ति ने अपना अपराध स्वीकार किया। मंगलवार की देर शाम आरोपी को गुमला कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने आरोपी के पास से मृतका का पासबुक, लूटे गए 14590 रुपये सहित अन्य सामान बरामद किये। एसडीपीओ विकास आनंद लागोरी ने बताया कि वृद्ध महिला सोमवार की दोपहर बैंक से पैसा निकाल कर घर लौट रही थी इसी दौरान नशे में धुत्त आरोपी ने तुरबूएल के समीप बुजुर्ग महिला का रास्ता रोका और शराब पीने के लिए 20 रुपये मांगा। इस पर बुजुर्ग महिला ने पैसा देने से मना कर दिया। इससे नाराज आरोपी ने पत्थल सहित हाथ-पैर से मारकर बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी और भागने लगा जिसे कुछ ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ा।

## शहीद भगत सिंह का बलिदान भुलाया नहीं जा सकता : डॉ शशिभूषण



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहीद हुए भगत सिंह की शहादत दिवस पर गुरुवार को पांकी मुख्य चौक पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रतिमा का अनावरण किया। इससे पूर्व पांकी कर्पूरी चौक से हजारो लोग भगत सिंह एवं भारत माता की फोटो लगी तख्तियां लेकर पांकी मुख्य चौक पहुंचे थे। जहां वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ विधायक ने पूजा पाठ कर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह 23 साल के उम्र में देश की आजादी के लिए आंदोलन करते हुए खुद का बलिदान दे दिया। शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हम सभी राष्ट्र के धरोहर है। उन्होंने शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के कार्यों से प्रेरणा लेने की बात कही। इस मौके पर लाल सूराज, भाजपा नेत्री मंजू लता, शंकर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पाण्डे, पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, लौरिक सिंह आदि उपस्थित थे।

### लंबित आवासों को पूर्ण कराने के उद्देश्य से पांकी पहुंचे आंजनेयुलू दोड्डे

# 15 दिनों में सभी लंबित आवासों को पूर्ण करायें अधिकारी: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लंबित आवासों को पूर्ण कराने को लेकर डीसी आंजनेयुलू दोड्डे गंभीर हैं। गत बुधवार को इस संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक व सभी बीडीओ के साथ बैठक की थी। सभी प्रखंडों में आवास पूर्ण कराने को लेकर जिले के विभिन्न वरीय पदाधिकारियों को टास्क भी सौंपा था। इसी क्रम में डीसी गुरुवार को पांकी पहुंचे, जहां ब्लॉक ऑफिस में बीडीओ-सीओ एवं प्रखंड के सभी मुखियागण के साथ बैठक की। उन्होंने 15 दिनों में प्रखंड के सभी लंबित आवासों को पूर्ण करने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर चर्चा की। उन्होंने सर्वाधिक लंबित आवासों वाले पंचायतों की जानकारी ली। इस पर बीडीओ ने बताया कि सबसे अधिक आवास केकरगढ़ पंचायत में लंबित है इसपर डीसी ने केकरगढ़ के मुखिया साथ संवाद कर लंबित आवासों को पूर्ण करने में सहयोग देने की बात कही। वहीं, समीक्षा के दौरान पाया कि कई लाभुक पैसा लेने के बाद भी अब तक कार्य शुरू भी नहीं किये है। इस पर डीसी ने ऐसे सभी लाभुकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। मनरेगा की समीक्षा के दौरान डीसी ने हर हाल में प्रति ग्राम पांच योजनाओं का संचालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिन पंचायतों में 5 योजनाओं का संचालन नहीं किया जा रहा है उन सभी पंचायतों के रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं पोटो हो खेल विकास योजना के तहत नये खेल के मैदान का निर्माण कराने पर बल दिया। गर्मी के मद्देनजर 15वें वित्त से पेयजल की समस्या को दूर करने को लेकर बीडीओ को निर्देशित किया।



अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश देते डीसी आंजनेयुलू दोड्डे।

### कम राशन देनेवाले डीलरों पर दर्ज करें प्राथमिकी

डीसी ने कहा कि पीडीएस डीलरों द्वारा लाभुक को कम राशन दिए जाने संबंधित कई शिकायतें उनके संज्ञान में आयी है। कहा कि सभी मुखिया काम राशन देने वाले डीलरों की शिकायत सीओ से करें। ताकि जांच के बाद दोषी डीलर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। इसी तरह उन्होंने मिड डे मील, आंगनवाड़ी केंद्र, बच्चों को दिए जाने वाले शिक्षण सामग्री की भी समीक्षा कर उचित निर्देश दिए। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक, बीपीओ, जेएसएलपीएस के बीपीएम समेत अन्य उपस्थित रहे।

## विकास बात से नहीं विजन से होता है : महापौर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महापौर अरुणा शंकर ने वंशवाद की राजनीति से ना उबर पाने वाले पूर्व अध्यक्षयो, बेटा, भतीजा के सामूहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गुरुवार को पलटवार किया। कहा कि पूर्व अध्यक्षा ने स्वतः प्रेस वार्ता में मेरी बातों की पुष्टि करते हुए स्वीकार किया कि 2004 में तालाब का डीपीआर उनके पारिवारिक अध्यक्षोंयो के कार्यकाल में बना था। दोनों तालाब के बीच फ्लाईओवर भी था तो वह यह भी जवाब दें कि 2018 तक तो उन्हीं का परिवार अध्यक्ष था। फिर 14 वर्षों में उस त्रुटि को क्यों नहीं पारिवारिक अध्यक्षयों ने दूर कराया। उक्त अवधि में जब फ्लाईओवर अचानक गायब हो गया तो उस वक्त क्यों नहीं उन लोगों की नींद खुली। 14 वर्षो में क्यों नहीं आपके एवं आपके परिवार के अध्यक्षयों द्वारा



फ्लाईओवर को खोजा गया। 2004 के बाद अचानक 2023 में क्यों नींद खुली। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि आपके और आपके परिवार के अध्यक्षों द्वारा कभी भी उस रास्ते के बंद हो जाने का दर्द समझा ही नहीं था। अगर समझे होते तो बोर्ड से वह नक्शा पारित ही नहीं होता जिसका खामियाजा वहां के स्थानीय लोग भुगत रहे हैं। पर वह रास्ता मैं खुलवा कर रहूंगी। क्योंकि मुझे आने जाने वालों का दर्द पता है। अंबेडकर जी की मूर्ति को सुनहरे रंग में होने मरीन ड्राइव को फिर से धोबी घाट बनाने, गांधी मैदान और बड़ा तालाब के बाहर अतिक्रमण मुक्त कराने के सवाल पर कहा कि बेबुनियादी सवालों के जवाब देना मैं जरूरी नहीं समझती। क्योंकि मुझे आरोप लगाने वालों की मानसिकता पता है। यही कारण है कि 66 वर्षों के कार्यकाल में एक भी पार्क शहर को नहीं दिया जा सका। रही बात बड़े तालाब एरिया या गांधी मैदान के भागो को अतिक्रमण मुक्त कराने का तो मैं बताना चाहती हूं कि मेरा विश्वास लोगों को बसाने में है ना की एंक्रोचमेंट के नाम पर लोगों को उजाड़ने पर है। बड़ा तालाब या गांधी मैदान के बाहर सभी हमारे व्यवसायी भाई बसे हैं। मुझे व्यवसायों का दर्द पता है। मैं वहां से व्यवसायियों को उजाड़ना नहीं चाहती।

## किसानों की मूलभूत समस्याओं को लेकर जारी रहेगा आंदोलन : कर्नल संजय सिंह

**किसान ब्रिगेड ने की महापंचायत, सरकार से राहत पैकेज देने की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कपूरी ठाकुर मैदान में गुरुवार को किसान ब्रिगेड के संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह की अगुवाई में हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के किसानों की समस्याओं को लेकर महापंचायत आयोजित की गई। जिसके माध्यम से किसानों ने विशाल शक्ति प्रदर्शन किया। हजारों ग्रामीण किसानों ने इस महापंचायत के माध्यम से सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर किया। कहा कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक किसानों नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि देश के अन्नदाता किसान आज तंगहाली एवं आर्थिक संकट से जूठ रहे हैं। सरकार की उदासीनता दर्शाती है कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के किसानों का सरकार के सतह पर कोई स्थान नहीं है। सरकार द्वारा घोषित सुखाड़ राहत योजना किसानों तक नहीं पहुंची है अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। किसानों से भूमि ऑनलाइन करने के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है और सरकार चुप है। जीरो आरडी सिंचाई योजना से लेकर को काशी सोत, अमकर, बटाने, परता माइनर आदि कई सिंचाई योजना वर्षों से लंबित है। मांग की गई कि बिजली आपूर्ति निर्वाध्य दिया जाए एवं किसानों के पीछले बकाया बिल को माफ किया जाए। साथ ही चेतावनी भी दी गई कि ऐसा नहीं करने पर बिजली की विभिन्न समस्याओं के खिलाफ भी जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। महाधरना के बाद अनुमंडल पदाधिकारी को राज्यपाल के नाम 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस मौके पर ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश यादव, किसान बिग्रेड के संयोजक भुनेश प्रसाद सिंह, सिंह, लाल धन ठाकुर, सच्चिदानंद सिंह, भूटान यादव, गणेश राम, रामजन्म ठाकुर, राजकुमार बैठा, सत्येंद्र मेहता, सत्येंद्र भुईयां, चंपा देवी, देवपति, देवी शीला, मनोरमा देवी, सिम्पला ठाकुर और सोना देवी आदि मौजू थे।


किसान ब्रिगेड सभा को संबोधित करते कर्नल संजय सिंह।

## शहर को साफ-सुथरा व स्वच्छ रखने में आम लोगों की सहभागिता जरूरी: नगर अध्यक्ष



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर सात के इश्माम गंज में नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी व वार्ड पार्षद सुहैल आलम की अगुवाई में गुरुवार को ग्रामीणों के बीच हरा एवं नीला डस्टबिन वितरण किया गया। नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने शहर वाशियों से अपील की कि कचरे को डस्टबिन में रखें और उसे व्यवस्थित ढंग से नगर पंचायत के कचरा उठाव करने वाली गाड़ी में ही डालें। स्वच्छता की शुरूआत अपने घर से होती है। जिसे लोगों को जागरूक होकर पहले अपने घर की सफाई फिर बाहर की सफाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर कचरा न फेंके। ऐसा करने से हमारा शहर तो गंदा होगा ही, वतावरण भी प्रदूषित होगा। जिससे बीमारियां फैलेगी। उन्होंने कहा कि शहर को साफ व स्वच्छ बनाने में आम लोगों की सहभागिता आवश्यक है। इस मौके पर अनवर, शब्बीर अहमद, हमीद खान, राजू कुमार आदि मौजूद थे।

## बीडीओ ने हरी झंडी दिखा कर किया जल जागरूकता रथ को रवाना

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बीडीओ रतन कुमार सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता एवं अनुश्रवण के लिए प्रखंड वासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों व गांवो में घूम-घूम कर आम लोगों को जल की गुणवत्ता एवं अनुश्रवण के साथ हमारे दैनिक जीवन में जल के महत्व के बारे में जागरूक करेगा। बीडीओ ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास से जल बचाने की आवश्यकता है।

## बालू घाटों की जल्द बंदोबस्ती नहीं की गयी तो होगा आंदोलन: बीनू सिंह

**बालू के अभाव में निर्माण कार्य ठप्प, पलायन को मजदूर मजबूर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** इंटक के प्रदेश अध्यक्ष सह एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर कहा कि बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में भवन निर्माण व विकास कार्य बाधित है। इस संबंध में स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कई बार विधानसभा में आवाज बुलंद की है। पर आज तक सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। वरीय अधिकारी बालू का अवैध कारोबार अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है। बालू घाटों की बंदोबस्ती होने से सरकार को राजस्व भी मिलता और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध होता। अधिकारी बालू की कालाबाजारी करा कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। वहीं राज्य में भवन निर्माण, सड़क, पीएम आवास समेत सभी विकास के कार्य ठप्प हैं। पुलिस की मिली भगत कर बालू का अवैध कारोबार हुसैनाबाद समेत पूरे राज्य में फल फूल रहा है। यह पैसा कहां तक जाता है सभी जानते हैं। निजी घरों का निर्माण कर रहे लोग परेशान है। संवेदकों ने बताया कि उन्हे आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र भवन, सड़क निर्माण करना है। बालू के अभाव में वह कार्य नहीं करा पा रहे है। कहा कि बालू के अभाव में विकास कार्य ठप्प हो जाने से राज मिस्त्री, मजदूर और अन्य कारीगरों का पलायन दूसरे राज्यों में होने लगा है। सीमेंट, ईंट,छड़ का व्यवसाय करने वाले लोगों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार 10 दिनों के अंदर निर्णय नहीं लेती है तो एनसीपी जनता के साथ मिलकर जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगा।



## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शाहपुर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मंगलवार से शुरु हुए तीन दिवसीय शिक्षक कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। इसमें प्राचार्य डॉ एके सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को आवश.क निर्देश देते हुए विभिन्न विषयगत सुधार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। विभिन्न कक्षाओं में विषयवार कोऑर्डिनेटर विषयगत विभिन्न, नवीन, विशिष्ट जानकारियों द्वारा विषय शिक्षकों को पारंगत करने की प्रक्रिया तीन दिन तक चली। कार्यशाला में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, संस्कृत, विज्ञान, वाणिज्य, सामाजिक अध्ययन, कम्प्यूटर एवं खेलकूद आदि विषयों को सम्मिलित किए गए। इसी संदर्भ में कौशल विकास अंतर्गत बैंड प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित हुआ। प्राचार्य ने कहा कि सीबीएसई द्वारा विभिन्न अवसरों पर शिक्षक के लिए शिक्षण प्रशिक्षण आयोजन होता रहा है। इस कार्यशाला से व्यक्तिगत गुणवत्ता, व्यवसायिक गुणवत्ता एवं व्यक्तित्व सुधार के अवसर सभी को मिलेंगें।




### आइएसएसएफ वर्ल्डकप का दूसरा दिन : चीन को दो गोल्ड

# राइफल और पिस्टल मिक्स में भारत को सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल

**एजेंसी**

**भोपाल।** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आइएसएसएफ) शूटिंग वर्ल्ड कप 2023 का गुरुवार को दूसरा दिन है। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स और 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स के मुकाबले हुए। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स में चीन ने गोल्ड, हंगरी ने सिल्वर और भारत को ब्रॉन्ज मिला। ब्रॉन्ज नर्मदा नितिन राजू और आर पाटिल ने जीता। वहीं, 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स में चीन ने गोल्ड और ब्रॉन्ज जीता। वहीं भारत ने सिल्वर हासिल किया। भारत की ओर से रिथम सांगवान और वरुण तोमर ने सिल्वर मेडल सुनिश्चित किया। इससे पहले बुधवार को पहले दिन भारत के सरबजोत सिंह ने एक गोल्ड, वरुण तोमर ने ब्रॉन्ज जीता था। वुमन कैटेगरी में चीन की ली जुई ने गोल्ड और जर्मनी की डोरेन वेनेकैंप ने सिल्वर मेडल जीता।



### दोनों राउंड में इन देशों के खिलाड़ी

10 मीटर एयर राइफल मिक्स और 10 मीटर एयर पिस्टल राउंड में गुरुवार को भारत, कोरिया, कजाकिस्तान, बांग्लादेश, जापान, हंगरी, स्विटजरलैंड, यूएसए, डेनमार्क, चेकिया, इजराइल, उज्बेकिस्तान आदि जैसे देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। 30 देशों के 300 से ज्यादा खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता में भारत से 37 शूटर हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 20 पुरुष और 17 महिला शामिल हैं।
















आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



## कोट्टावलसा-कोरापुट-किरंदुल रेलवे लाइन दोहरीकरण कार्य मील का पत्थर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** वर्तमान में कोट्टावलसा-कोरापुट-किरंदुल (केके) रेलवे लाइन पर दोहरीकरण का काम चल रहा है। अब तक कुल 445 किलोमीटर दोहरीकरण कार्य में से 237 किलोमीटर चालू हो चुका है। इस महत्वपूर्ण खनिज परिवहन मार्ग को सिंगल-लाइन रेलवे सेक्शन में यातायात की समस्या के कारण ट्रेनों की आवाजाही में देरी का सामना करना पड़ रहा है। एक बार दोहरीकरण का काम पूरा हो जाने के बाद रेल यातायात आसान और परेशानी मुक्त हो जायेगा। आज पूर्व तट रेलवे को वोल्टेयर रेलवे सेक्शन के तहत ओड़िशा के कोरापुट जिला में छत्रीपुट-मालीगुड़ा स्टेशन के बीच 6.95 किलोमीटर लंबी ब्रॉड गेज डबल रेल लाइन सेक्शन पर ट्रेनें चलाने की अनुमति मिली है। सर्किल ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस)/साउथ ईस्टर्न (एसइ) एएम चौधरी ने दोहरे रूट का निरीक्षण किया और आज ट्रेन परिचालन के लिए इसे हरी झंडी दे दी। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने इस परियोजना के निर्माण में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों को बधाई दी। केके लाइन तीन राज्यों के सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में स्थित है और रेल नेटवर्क के माध्यम से क्षेत्र के विकास के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का ध्यान केंद्रित है। रेल मंत्रालय ने इस वर्ष जगदलपुर-कोरापुट महत्वपूर्ण दोहरीकरण परियोजना के लिए 248.75 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं।










# ऐतिहासिक, अलौकिक और अभूतपूर्व निकली तिरंगा यात्रा

## अनुशासन के साथ गौरवमय यात्रा के लिए शहरवासियों का आभार : काले

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था नमन ने देश के वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस यात्रा में शहर के प्रबुद्धजनों, बड़ी संख्या मे मातृशक्ति एवं हजारों युवाओं ने तिरंगा हाथ में लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों के साथ अपनी विशाल उपस्थिति दर्ज करायी । सभा स्थल से मां भारती के रथ को तिरंगा दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक परिवार के सभी सदस्यों को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी पूर्व सैनिक परिवार ने संभाली। यात्रा में सबसे आगे तीन सफेद घोड़ों पर तिरंगा लहरा रहा था इसके पीछे मां भारती का रथ शोभयमान था। अन्य झांकियों में तीनों वीर शहीदों को फांसी के फंदे को चुमते हुए

### जमशेदपुर की देशभक्ति का जज्बा पूरे देश के लिए अनुकरणीय : सरयू राय



दशार्या गया। सारा शहर एक ओर तिरंगे की आन बान और शान के साथ सुशोभित हो रहा था तो दूसरी और भारत माता की जय, वंदे मातरम की जय से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था।

इस मौके पर सरयू राय ने कहा कि देशविरोधी विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिए ऐसे ही पहल से ताकत मिलती है और सचमुच ही शहादत के बाद मिली इस आजादी का मायने समझने के लिए इससे बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता देश के युवा जब तिरंगे की आन, बान और शान के लिए जाति, धर्म, संप्रदाय, ऊंच-नीच और दलों से ऊपर उठकर खड़ा होता है तब राष्ट्रप्रेम की ऐसी सुनामी दिखती है इस दिशा में अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में नमन परिवार का यह प्रयास अतुलनीय और सच में नमन का पात्र है। महंत विद्यानंद सरस्वती बोले कि भारतवर्ष में शहीदों और अपनी शहादत और सांस्कृतिक विचारों को अक्षुण्ण रखने के लिए आयोजित होने वाला यह सबसे भव्य आयोजन है। राष्ट्र भक्ति के लिए नमन परिवार के जज्बे को नमन।

### अखंड तिरंगा यात्रा से विरोधी ताकतों का भ्रम तोड़ा

इस मौके पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने उपस्थित जनसमुदाय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि 2016 में जब देश विरोधी ताकतें भारत को कमजोर करने में जुटी थी तब लोहनगरी में नमन परिवार ने अखंड तिरंगा यात्रा से उनकी गलतफहमी और भ्रम को तोड़ते हुए उनके इरादों को मुंहतोड़ जवाब दिया था और चेताया था कि जब भी देश विरोधी ताकतें राष्ट्र की अखंडता पर वार कर अंधकार फैलाने का कुत्सित प्रयास करेगा तो उनके नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब नमन परिवार ऐसे ही देशभक्ति की मशाल प्रज्वलित कर एकता और अखंडता की रोशनी से देने के लिए सदैव संकल्पित है।

# वाराणसी को मिलेगा देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे

## 644 करोड़ से बनेगा, पीएम को उनकी मां की तस्वीर उकेरी साड़ी भेंट करेगा बुनकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे वाराणसी में बनेगा। शुक्रवार यानी 24 मार्च को यहां आ रहे पीएम मोदी इसका शिलान्यास करेंगे। वाराणसी स्टेशन से गोदौलिया तक 3.8 किलोमीटर इसकी लंबाई होगी। यह सड़क से 50 मीटर ऊपर चलेगा। यह 2 साल में बनकर तैयार हो जायेगा और लागत 644 करोड़ रुपये आयेगी। आमतौर पर आपने हिल स्टेशन में रोप-वे देखें होंगे, लेकिन यह पहला रोप-वे होगा जिसे अर्बन ट्रांसपोर्ट के लिए इस्तेमाल किया जायेगा।

वाराणसी के 5 घंटे के दौरे पर पीएम मोदी 18 अरब के 28 प्रोजेक्ट का शिलान्यास और



लोकार्पण करेंगे। इनमें सिगरा स्टेडियम, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, भगवानपुर में 55 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल है। पीएम मोदी सर्किट हाउस के नये भवन में लंच करेंगे। वाराणसी के डीएम राजलिंगम के मुताबिक नवरात्रि व्रत को देखते हुए पीएम के लंच में फलाहार का इंतजाम है। इसमें कुट्टू की खीर, पंचमेवे का हलवा, मखाने का सत्तू, खिचड़ी, फल, दूध, नींबू शामिल हैं। वहीं, पीएम मोदी के लिए बनारस के बुनकर ने एक खास तरह की साड़ी तैयार की है। यह साड़ी उनकी मां को समर्पित है। साड़ी में पीएम मोदी और उनकी मां की तस्वीर को उकेरा गया है।

### जंक्शन से गोदौलिया तक लगेंगे सिर्फ 17 मिनट

रोप-वे से कैंट जंक्शन से गोदौलिया तक जाने में महज 17 मिनट लगेंगे। अभी ऑटो रिक्शा या बाइक से जाने में भारी ट्रैफिक होता है। इस कारण करीब 45 मिनट लगते हैं। वाराणसी में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के बाद करीब एक साल में 9 करोड़ भक्त पहुंचे हैं। यह संख्या बढ़ रही है। इसके अलावा, रोप-वे जिस इलाके से गुजरेगा वह शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में हैं। यानी, इसके रूट पर दशाश्वमेध घाट, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर, गंगा घाट, बनारसी साड़ी मार्केट, जंगमबाड़ी मठ, दालमंडी, चौक, गिरजाघर, नई सड़क, लक्सा, रथयात्रा, सिगरा स्टेडियम, काशी विद्यापीठ और आइपी मॉल होंगे।

# वेदांत एल्यूमिनियम ने 12.5 बिलियन लीटर पानी का पुनर्चक्रण किया

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत में एल्युमीनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता एल्युमिनियम बिजनेस ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान फरवरी तक 12.5 बिलियन लीटर पानी का पुनर्चक्रण किया है। विश्व जल दिवस पर, कंपनी ने झारसुगुड़ा में अपने मेगा एल्यूमीनियम स्मेल्टर में 440 किलो लीटर प्रति दिन (केएलडी) की प्रसंस्करण क्षमता वाले एक नये सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भीतिप्रस्थर स्थापना किया है। एक बार चालू होने के बाद सुविधा से उपचारित पानी का संयंत्र परिसर के भीतर पुनः उपयोग किया जायेगा, जिससे ताजे पानी की खपत प्रति वर्ष 15 करोड़ लीटर कम हो जायेगी।

यह एक दशक के भीतर शुद्ध जल सकारात्मक बनने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराता है, विश्व जल दिवस से पहले के सप्ताह में, वेदांता एल्युमिनियम ने रामवीर तनावर के साथ एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। कंपनी ने जल संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों में रैली और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया था। कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए, राहुल शर्मा सीइओ वेदांता लिमिटेड-एल्युमीनियम बिजनेस ने कहा, विश्व जल दिवस पर हम शुद्ध जल सकारात्मक बनने और उन क्षेत्रों में एक स्थायी जल पदचिह्न सुनिश्चित करने के अपने मिशन के लिए फिर से प्रतिबद्ध हैं जहां हम काम करते हैं।

पानी एक महत्वपूर्ण साझा संसाधन है जो हमारे आसपास की पारिस्थितिकी और समुदायों को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण है। नयी एसटीपी परियोजना के प्रभाव पर टिप्पणी करते हुए, अजय पांडे सीओओ-पावर वेदांत झारसुगुड़ा ने कहा, हमारे संचालन किमती जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

## टाटा स्टील मेरामंडली ने 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया

**भुवनेश्वर/नरेंद्रपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) प्लांट ने 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह बड़े उत्साह के साथ मनाया। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का स्थापना दिवस और 1972 में सुरु किया गया पहला राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस (एनएसडी) अभियान के याद में सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव को मनाया जाता है। इस साल की थीम थी 'हमारा लक्ष्य-शून्य नुकसान'। पहले सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत सुरक्षा रैली और ध्वजारोहण के साथ हुइ, टीएसएम के चीफ सेफ्टी अधिकारी अगम कुमार और टीएसएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी के उपस्थित में सुबोध पांडे वाइस प्रेसिडेंट टीएसएम ने सुरक्षा शपथ दिलायी। सुरक्षा सप्ताह का आरंभ किया। जागरूकता पैदा करने और सभी को शामिल करने के लिए पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
























आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## पिंडराजोरा थाना क्षेत्र की घटना : तीन युवकों पर संदेह, पुलिस अलर्ट

# बोकारो में लड़की के अपहरण की खबर से उबाल, सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिले के पिंडराजोरा थाना अंतर्गत सोनाबाद पंचायत के बहादुरपुर गांव निवासी 18 वर्षीय लड़की के घर से गायब होने की घटना से बवाल शुरू हो गया है। परिजन पुलिस के पास पहुंचे और समुदाय विशेष के तीन युवकों पर अपहरण का आरोप लगाया। पुलिस की कार्रवाई का इंतजार करते हुए पीड़ितों ने आसपास के लोगों के साथ एक बैठक भी की। इसके बाद गुरुवार की सुबह सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने जैसे-तैसे इन लोगों को आश्वासन देकर शांत कराया। फिलहाल इस घटना के बाद पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। घटना मंगलवार सुबह की है। जब घरवाले नींद से उठे तो देखा कि लड़की घर से गायब है। तीन युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। इसे लेकर थाने में मामला भी दर्ज कराया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी और लड़की की बरामदगी को लेकर स्थानीय लोगों ने बहादुरपुर मोड़ पर टायर जलाकर सड़क जाम करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### पुलिस को मिली है चिट्ठी

इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी अंकित पांडे दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध कर रहे लोगों को समझा-बुझा कर सड़क से जाम हटवाया। एसडीपीओ चास पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि लड़की को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को भी पकड़ लिया जायेगा। वहीं, लड़की की ओर से लिखा पत्र भी पुलिस के हाथ लगा है, जो उसने अपने माता-पिता को लिखा है। हालांकि पत्र में लिखी बातों का खुलासा नहीं हो सका है। जानकारी के मुताबिक पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव से 18 वर्षीय युवती का तीन युवकों ने मिल कर अपहरण कर लिया। युवती के पिता ने पुलिस को लिखित शिकायत की है। इसमें तीन मुसलिम युवकों को आरोपी बनाया गया है। आरोपियों में सोनाबाद गांव का रहनेवाला मुश्ताक अंसारी, मुख्तार अंसारी और अजहरूद्दीन अंसारी शामिल हैं।

## गरीबों के मसीहा थे स्व हराधन महतो : उमाकांत




**चंदनकियारी (आजाद सिपाही)।** टुमकूटांड़ में वैद्य स्व हाराधन महतो की छठीं पुण्य तिथि पर गुरुवार को स्मृति महोत्सव आयोजित की गई। टुमकूटांड़ चौक में स्व हराधन महतो के आदमकद मूर्ति पर पूर्व मंत्री उमा कांत रजक ने श्रंद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्व हराधन महतो गरीबों के मशीहा थे। एक सफल वैद्य के रूप में उन्होंने न सिर्फ गरीबो के आंसू पोछे, बल्कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए लोगों में जागरूकता भी फैलाया। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन में भी स्व महतो के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनके महत्व को चंदनकियारी में अनिवार्य बताते हुए कहा कि ऐसे लोगों के सहयोग से ही चंदनकियारी में ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा भावना जागृत हुई। इसे बरकरार रखना युवाओं के लिए चुनौती है। चौक पर लगी मूर्ति युवाओं को अच्छे काम के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही उनके द्वारा बताए गए प्राकृतिक चिकित्सा विश्वसनीय बना रहेगी। पूर्व मंत्री ने स्व हराधन महतो के पुत्र सपन महतो को पिता के स्मरण में लोगों की सेवा भाव से प्रेरित करने के लिए साधुवाद दिया। इस मौके पर तपन सिंह चौधरी, शत्रुघ्न महतो, प्रकाश शर्मा, राजेश भगत, बाटुल राय, मुखिया राजीव राय, तपन रजवार, शिव प्रसाद महतो, मिथिलेश महतो, राजीव रंजन झा, देवेंद्र महतो, भोलानाथ गोप, बिरेन रजवार, मंटुलाल महतो, रमेश महतो, बबलू महतो, बहादुर महतो, सुरेंद्र महतो, लालमोहन रजवार, गोपाल महतो, युधिष्ठिर महतो, प्रबोध सिंह चौधरी, सुजीत कुम्भकार, गणेश महतो, मिथुन महतो, तापस दास, सबूर आंसरी, अब्दुल बारिक, सुखदेव राय, बलदेव महतो, भरत राय, डॉ सतीश, राधु महतो, कालीपद महतो और अरूण सिंह आदि थे।

## तेनुघाट जलाशय में किया गया 2.80 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का किया गया संचयन



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोकारो जिले के तेनुघाट जलाशय में गुरुवार को 2.80 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन किया गया। विधायक प्रतिनिधि मोहन नायक ने कहा कि मत्स्य पालन से जलाशय के कई विस्थापितों को रोजगार मिला है। तेनुघाट जलाशय निर्माण के मुख्य उद्देश्य मत्स्य रोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही किसानों को सिंचाई में भी सुविधा पहुंचाना है। विधायक डॉ लम्बोदर महतो का लगातार प्रयास है कि तेनुघाट जलाशय मत्स्य रोजगार के लिए एक हब बनकर उभरे। इसके लिए वह लगातार प्रयासरत है। जल्द मुख्यमंत्री से मिल इसपर भी पहल करवायी जाएगी। उन्होंने कहा कि मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन से जलाशय में मत्स्य उत्पादन में बढोतरी होती है, जिससे स्थानीय ग्रामीण एवं समिति के सदस्यों को मत्स्य शिकार माही के उपरांत मछली बिक्री कर आय में बढोतरी करते है। जिससे वे लोग आत्म निर्भर की ओर अग्रसर होते है। इस मौके पर मत्स्य प्रसार पदाधिकारी प्रमोद कुमार, लाभुक गोपाल केवट, योगेंद्र केवट, दिलगर केवट, राजेश केवट, संजय केवट के अलावे सागर केवट, जितेंद्र केवट, निखिल केवट, रवि केवट, सुमित महतो और दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

## बीजीएच के चिकित्सकों को मिले कई पुरस्कार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड नेत्र रोग सोसायटी की ओर से आयोजित वार्षिक सम्मेलन में द्वितीय वर्ष डीएनबी डॉ शीतला को डॉ वीएस गुप्ता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसी सम्मेलन में पीजी शिक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बीजीएच को उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा गया। साथ ही एचओडी (नेत्र रोग) में अनुकरणीय भूमिका के लिए डॉ सोफिया अहमद को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा पटना में आयोजित मध्यावधि अखिल भारतीय सम्मेलन में डॉ दीप्ति पी एक्का, सलाहकार (नेत्र रोग) एवं डॉ ऐश्वर्या मोहंती तृतीय वर्ष डीएनबी द्वारा सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुत करने के लिए के लिए दो पुरस्कार दिए गए। बोकारो जनरल अस्पताल के चिकित्सकों की इस उपलब्धि पर चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ बीबी करूणामय ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## नववर्ष पर मिलन समारोह का आयोजन

**कतरास (आजाद सिपाही)।** हिंदू नववर्ष पर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ बरोरा क्षेत्र की ओर से बुधवार की रात मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर नववर्ष की बधाई दी। वहीं, स्थानीय पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंद्र कुमार कश्यप और धन्यवाद ज्ञापन मुटुक धारी गोराई ने किया। बाघमारा सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य संतोष झा ने सभी को हिंदू नववर्ष की बधाई दी। कहा कि आज ही के दिन भगवान ब्राह्मजी ने सृष्टि की रचना की थी।

# काम के दौरान झुलसे मजदूर की मौत परिजनों को मिला 17 लाख मुआवजा



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** बांसजोड़ा अग्नि प्रभावित परियोजना में ड्यूटी के दौरान बुधवार को गंभीर रूप से झुलस गए ऑपरेटर तारा प्रसाद महतो की इलाज के दौरान मौत हो गई। 80 फीसदी तक जल जाने से हालत नाजुक बनी हुई थी। बोकारो बीजीएच में भर्ती कराया गया था, जहां रात 10 बजे दमतोड़ दिया। वह अपने मां-बाप का इकलौता सहारा था। मृतक तोपचांची के धाजा टांड का रहने वाला था। दूसरी ओर, गुरुवार को कांग्रेस नेता राम रहीम व आजसू नेता नरेश मुखिया के प्रयास से झारखंड के मूल रूप से रहने वाले रैयत विस्थापित हादसे में मारे गये मजदूर तारा महतो के आश्रितों को कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो एवं स्थानीय पुलिस व बीसीसीएल प्रबंधन की मौजूदगी में आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से 17 लाख रुपये मुआवजा के रूप में दिया गया। 15 लाख रुपए मृतक की मां फूलमणि देवी के बैंक खाते में आरटीजीएस किया गया और दो लाख रुपया दाह संस्कार और अंतिम संस्कार कर्म के लिए दिया गया। इधर, बोकारो पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया। बतातें चले कि मंगलवार की रात बांसजोडा कोलियरी के आउटसोर्सिंग पैच के 4 नंबर सीम में अचानक अग्नियुक्त ओबी पीसी मशीन पर गिर जाने से मशीन जल गई थी और चालक तारा प्रसाद महतो बुरी तरह झुलस गया था। इसके बाद राम रहीम की ओर से मृतक के प्रति सहानुभूति जताते हुए मौके पर ही डेढ़ लाख रुपये दिया गया। दोनों नेताओं ने इस आकस्मिक घटना पर दुख प्रकट किया। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के अलावा थाना प्रभारी विकास कुमार यादव, पीओ एके झा, असलम मंसूरी, राजकुमार महतो इम्तियाज अहमद, शाहरूख खान, आउटसोर्सिंग कंपनी के मधु सिंह, अरविंद चौधरी, मृतक के पिता गोपाल महतो, मां फुलमनी देवी, बहन मीना देवी, भाभी संजोती देवी, जगदीश प्रसाद महतो पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र महतो, एपीएम बीडी सिंह, पीएम चंदन श्रीवास्तव, निलेश जोशी, राजीव कुमार, निरंजन महतो, मनोज पांडे, लाल धारी रजक आदि उपस्थित थे।

## पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में इलाजरत के दौरान मरीज की मौत, हंगामा

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बैंक मोड़ थाना अंतर्गत जोड़ाफाटक स्थित पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में इलाज के दौरान रोहन उर्फ मोहित महतो नामक एक मरीज की मौत हो गई। इसे आक्रोशित स्वजनों ने गुरुवार की दोपहर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। आरोप है कि मौत की वजह पूछे जाने पर अस्पताल कर्मियों ने परिजनों के साथ भी मारपीट की। अस्पताल प्रबंधन व कर्मियों ने मृतक के भाई को बांधकर ॅबेरहमी से उसकी पिटाई की। वहीं मृतक के पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया है। जिनका किसी स्थानीय नर्सिंग होम में ही इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार दो दिनों पूर्व झरिया के बोर्रागढ़ ओपी क्षेत्र निवासी रोहन सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। अचानक गुरुवार की दोपहर मरीज की सांसे रुक गई और उसका निधन हो गया। परिजनों ने कारण पूछा तो अस्पताल कर्मियों ने मारपीट शुरू कर दी।

## विभिन्न जगहों पर दी गयी शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रृद्धांजलि

# समाज को भगत सिंह के पद चिह्नों पर चलने की जरूरत: भगीरथ महतो



**महुदा/चिरकुंडा/कतरास (आजाद सिपाही)।** युवा भारत के तत्वधान में शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस पर गुरुवार को महुदा पंचायत के तुरी टोला के मुफ्त शिक्षा केंद्र सभागार में श्रृद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य मनीष आनंद ने किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रखंड समन्वयक भागीरथ सिंह के अलावा ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो, केसरगढ़ पंचायत समिति सदस्य सुरेश रजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता जर्नादन महतो शामिल हुए। भागीरथ सिंह ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के पद चिन्हों में समाज को चलना चाहिए। आज के युवाओं के लिए इन शहीदों की प्रसंगिकता आज भी है। वहीं, जगत महतो ने कहा कि हमें भगत सिंह के सपनों के भारत के निर्माण की ओर बढ़ना चाहिए। इस दौरान युवा भारत के जिला सलाहकार जमील अख्तर, प्रभारी रेनू कुमारी, राधु राय, नैंसी टांडेल, तहरीन फातमा, नूर फातमा, अजय महतो, किरण शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर खुशी कुमारी, रुखसार परवीन, नाजनीन, नेहा कुमारी, पिंकी देवी, शिवानी कुमारी, मधु देवी, राजू राय, शक्ति राय, सुनील राय, कौशल्या कुमारी आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, भाकपा माले की ओर से **चिरकुंडा शहीद चौक** पर शहीदों की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। माले नेता नागेंद्र कुमार ने कहा कि भारत की आजादी के दीवाने शहिद भगत, राजगुरु और सुखदेव ने अंग्रेज सरकार को आवाज सुनाने के लिए बम धमाका किया था। जिससे भयभीत अंग्रेज सरकार ने तीनों क्रांतिकारियों को समय से एक दिन पहले ही 23 मार्च 1931 की रात में फांसी पर लटका दिया। आज देश के शासक ने इन क्रांतिकारियों को इतिहास में जगह नहीं दे रहे है। इसके लिए देश के नवजवानों को आगे आना होगा। इस मौके पर मनोरंजन मल्लिक, लक्ष्मीनारायण दास, मुन्ना चौहान, सत्येन्द्र चौहान, लालबाबू रजक, जमाल अंसारी और रूदल पासवान आदि उपस्थित थे। वहीं, शहीद भगत सिंह स्मारक समिति कतरास की ओर से शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस पर गुरुवार को कर्यक्रम आयेजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर राकेश कुमार, बंटी कुमार, गौतम त्रिवेनी, सहजादा अंसारी, भूषण नोनिया, त्रिवेनी रवानी, महादेव सिंह, प्रकाश केवट, उमेश व कृष्णा कुमार आदि उपस्थित थे।



## कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार

**सैरात की बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24, सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बस पड़ाव महुआडांड। (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) | महुआडांड | 28/03/2023 | 11.00 AM | 932000.00 | 93500.00 |
| 02 | अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) | बालुमाथ | 28/03/2023 | 11.30 AM | 429142.00 | 43000.00 |

नोट :– 1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 29/03/2023 को पूर्वाहन् 11:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 31/03/2023 को पूर्वाहन् 11:00** बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लातेहार

PR 293524 Rural Development(22-23)#D

## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **298/2022-23/RWD/KODERMA** दिनांक :- **23.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ KODERMA/10/ SRPKG-01/2022-23 | (i) हीरोडीह से सुगासांख भाया रेभनाडीह, कुशाहन तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.850 कि0मी0)<br>(ii) बिरेन्द्र नगर से सुगासांख भाया पपरामो जोरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.600 कि0मी0)<br>(iii) जयनगर थाना मोड़ से उच्च विद्यालय जयनगर पथ की विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.200 कि0मी0)<br>(iv) तिलैया डैम पी0डब्लयू0डी पथ से तितरचांच पिंडरा भाया छोटकी धमराय तक विशेष मरम्मति कार्य(लं– 4.750 कि0मी0)<br>(v) एन0एच0 से पथलगढ़ा पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.300 कि0मी0) | 13,45,61,000.00 | तेरह करोड़ पैंतालीस लाख इकसठ हजार रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ KODERMA/11/ SRPKG-02/2022-23 | (i) पुत्तो से पुरनाथाम भाया पुरनाजोर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.000 कि0मी0)<br>(ii) एन0एच0 से हरिणो भाया मदनगुण्डी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.000 कि0मी0)<br>(iii) काराखूँट से गड़ियो होते हुए घोड़ाकरण आर0ई0ओ0 तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.000 कि0मी0)<br>(iv) गहराई से इन्दरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.650 कि0मी0)<br>(v) पी0डब्लू0डी0 पथ से कटैया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.500 कि0मी0) | 12,24,79,000.00 | बारह करोड़ चौबीस लाख उनासी हजार रू0 मात्र | 18 माह |
| 3. | RWD/ KODERMA/12/ SRPKG-03/2022-23 | (i) बंदरचौकवा से डगरनवॉ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 10.600 कि0मी0)<br>(ii) बिन्दा से सिमरिया भाया गोंदो अड़वार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.250 कि0मी0)<br>(iii) मदनपुर पी0डब्लू0डी0 रोड से बराकर भाया हरलाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.650 कि0मी0)<br>(iv) कारीपहाड़ी से धुबाडीह पथ का विशेष मरम्मति कार्य(लं– 2.550 कि0मी0)<br>(v) भगतीयाडीह में अहमद हुसैन के घर से बासुदेव सिंह के घर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.000 कि0मी0) | 11,32,00,200.00 | ग्यारह करोड़ बत्तीस लाख दो सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 17.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, कोडरमा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (18.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा के पक्ष में एवं कोडरमा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR.NO.293497 Rural Work Department(22-23):D — नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड,राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **300/2022-23/RWD/HAZARIBAGH** दिनांक :- **23.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।


| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ HAZARIBAGH/21 /SRPKG-01 /2022-23 | (i) आर0ई0ओ0 रोड सलैया से पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड महुआटांड़ बरकट्ठा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.000 कि0मी0)<br>(ii) विष्णुगढ़ महंत अखाडा से करौंज मोड भाया पारटांड होते हुए जमुआ तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.000 कि0मी0)<br>(iii) नवादा से कुसुम्भा तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.300 कि0मी0)<br>(iv) पी0डब्ल्यू0डी0 रोड बरवाँ से तुईयो भाया मासीपीढ़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.520 कि0मी0)<br>(v) आर0ई0ओ0 रोड जमुआ से बुचई बरकट्ठा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.065 कि0मी0)<br>(vi) टाटीझरिया कोनार पुल बेडम से गरमरा भाया मुरकी तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.000 कि0मी0) | 10,44,44,900.00 | दस करोड़ चौवालीस लाख चौवालीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ HAZARIBAGH/22 /SRPKG-02 /2022-23 | (i) गदोखर तोरण द्वार से पगार चौक तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.500 कि0मी0)<br>(ii) पेलावल से पबरा तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.837 कि0मी0)<br>(iii) ढोठवा से आराभुसाई तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 10.500 कि0मी0) | 13,41,51,300.00 | तेरह करोड़ इकतालीस लाख एकावन हजार तीन सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 3. | RWD/ HAZARIBAGH/23 /SRPKG-03 /2022-23 | (i) बलसगरा से कोल्हुआ टांड भाया चैनपुर तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.120 कि0मी0)<br>(ii) सिकरी मध्य विधालय से आदित्य सोनी के घर भाया चोरका नदी तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.745 कि0मी0)<br>(iii) बेन्दी से चिंची भाया उदयपुर कुबा तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 10.200 कि0मी0) | 10,50,20,400.00 | दस करोड़ पचास लाख बीस हजार चार सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **03.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **17.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **हजारीबाग** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **18.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (18.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **19.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **हजारीबाग** के पक्ष में एवं **हजारीबाग** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 293501 Rural Work Department(22-23).D




## सूरत कोर्ट से जमानत भी मिली

# मानहानि केस में राहुल को 2 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/सूरत।** मानहानि केस में राहुल गांधी सुबह 11 बजे सूरत कोर्ट पहुंचे थे। जमानत मिलने के बाद वे दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना हो गए।'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है...' इस बयान से जुड़े मानहानि केस में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया। इस फैसले के 27 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें 2 साल की जेल की सजा सुनाई और 15 हजार का जुमार्ना भी लगाया। इसके कुछ देर बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत भी दे दी। साथ ही सजा को 30 दिन के लिए स्थगित कर दिया। सुनवाई के दौरान राहुल कोर्ट में मौजूद रहे। राहुल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा।

### 2019 में कहा था: सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों



### मैंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठायी: राहुल

'राहुल ने कहा कि बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी। मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठायी थी।' उधर, कोर्ट के बाहर विधायक और याचिकाकर्ता पूर्णेश मोदी और उनके समर्थकों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे लगाये। राहुल पर पिछले 4 साल से मानहानि का मामला चल रहा था। कोर्ट ने 17 मार्च को इस मामले में सभी दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था।




# शिक्षा ग्रहण करने के बाद ही बच्चे बनते हैं आइएएस-आइपीएस : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गावां, गिरिडीह।** पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह बुधवार को गावां प्रखंड के माल्डा पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने पटना, नगवां एवं पांडेयडीह मुसहरी में क्षेत्र दौरा कर लोगों की समस्याओं को भी सुना और समाधान का आश्वासन दिया। बाद में वे प्रखंड के माल्डा पिहरा पथ पर स्थित नवनिर्मित श्री गुरुकुलम स्कूल के उद्घाटन समारोह में भी भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे बड़ा धन है। कहा कि सफलता की कुंजी कहती है कि जीवन में सफलता उसी को मिलती है जो शिक्षा को ग्रहण करने के लिए सदैव तैयार रहता है। शिक्षा प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए मन में आत्मविश्वास होना चाहिए। कहा कि समाज का कोई भी बेटा-बेटी शिक्षा से वंचित नहीं रहे इस ओर विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम अपनी जिंदगी बदल सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस तरह एक कुम्हार मिट्टी से कई बर्तन को बना देता है, ठीक उसी प्रकार बच्चों को शुरुआत से लेकर उच्च शिक्षा देकर आइएस आइपीएस बना देते हैं। मौके पर नंद किशोर पांडेय, राघव प्रसाद यादव, सादिक हुसैन, चंद्रशेखर पांडेय, दशरथ पांडेय, भीम कुमार उपस्थित थे।







# स्कूल से परीक्षा देकर घर लौटते समय सड़क हादसे ने तीन छात्रों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बुधवार को सड़क हादसे ने 3 स्कूली छात्रों की जान ले ली। ऐसी ही दिल दहला देने वाली घटना घटी सोनपुर सदर प्रखंड के सरधापाली स्कूल के पास। इस खबर से स्थानीय क्षेत्र में मातम का माहौल बन गया है। एक इनोवा गाड़ी की चपेट में आने से तीन स्कूली छात्रों की मौत हो गई और दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए, मरने वाले तीन छात्रों में सुब्रत भोई, राजा पेरा और राजेश पेरा थे जो छठी कक्षा में पढ़ रहे थे। एक अन्य छात्र की हालत गंभीर है और उसे इलाज के लिए बुर्ला मेडिकल को रेफर कर दिया गया है। परीक्षा देकर स्कूल से लौटते समय गेट के सामने एक तेज रफ्तार इनोवा गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि स्कूल का गेट टूट गया। सोनपुर उपजिलापाल ने घटनास्थल और अस्पताल में आकर छात्र के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली। दूसरी ओर घटनास्थल पर उत्तेजना देखा गया। दो प्लाटून पुलिस बल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाल। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोनपुर सदर प्रखंड के सारधाबाली स्कूल में इनोवा कार दुर्घटना में तीन छात्रों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक छात्रों के परिजनों को 3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने घायल छात्रों के लिए उचित चिकित्सा व्यवस्था करने का आदेश दिया और उनके लिए 50 हजार रुपये की सहायता राशि की घोषणा की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी-सेल, पावर कंपनी लिमिटेड राउरकेला द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह आवासीय एवम मुख्य रूप से राउरकेला के बेरोजगार युवक युवतियों के लिए था। जानकारी के अनुसार, अब तक राउरकेला के आस-पास के क्षेत्रों के 279 बेरोजगार युवाओं को सिपेट, भुवनेश्वर में प्रशिक्षित किया गया है और भुवनेश्वर में उनके कौशल विकास प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद स्थायी आजीविका के लिए रोजगार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए, सिपेट, भुवनेश्वर और एनएसपीसीएल, राउरकेला ने इस वर्ष भी 30 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कल समाप्त भी हुआ। बुधवार को कार्यक्रम का समाप्ति समारोह आयोजित किया गया जहां सिपेट के निदेशक और प्रमुख बीपी पात्र ने क्षात्रों को संबोधित करते हुए यह बताया की कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य युवकों को रोजगार प्रदान कर उन्हे अपने पैरों पर खड़ा होनें में सहयोग प्रदान करना है। एनएसपीसीएल की तरफ से मानव संसाधन के प्रमुख महेश कुमार सुथार मुख्य अतिथि के रूप में सिपेट में उपस्थित रहे।




## सम्राट चौधरी को बिहार बीजेपी की कमान

**मधुबनी (आजाद सिपाही)।** बिहार भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी होंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने लेटर जारी कर इसकी जानकारी दी है। इसके पहले संजय जायसवाल बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष थे। एनडीए की सरकार टूटने के बाद बीजेपी लगातार सम्राट चौधरी को प्रमोट कर रही है। सबसे पहले इन्हें विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में बीजेपी कार्यकताओं का सम्मान बढ़े। और प्रदेश में हमारी सरकार बने, इसकी रणनीति पर काम करेंगे। बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इन्हें मंच संचालन की जिम्मेदारी दी गई। अब उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। सम्राट चौधरी पिछले कई दिनों से हर मुद्दे पर सीधे नीतीश कुमार पर हमलावर हैं। उन्हेंने शपथ ली है कि जब तक वो नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से बेदखल नहीं कर देंगे। तब तक वो पगड़ी बांधे रखेंगे।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**